


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 84 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 24 दिसम्बर 2025 डाक 25 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया...



**देश-विदेश**
हाथों में अपनों के जले शव, रोते हुई बोले हमारा तो अब सब कुछ ही हो गया खत्म...



**फीचर पेज**
क्रिसमस पर घर को सजाना है पसंद ? अपनाएं ये आसान तरीके



# इसरो ने रचा इतिहास, सबसे बड़े संचार उपग्रह को कक्षा में किया सफलतापूर्वक स्थापित, पीएम मोदी ने दी बधाई

**बंगलूरू, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। दरअसल इसरो ने इस साल के अपने आखिरी मिशन में सबसे बड़ी कम्युनिकेशन सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह पूरी तरह से कॉमर्शियल लॉन्चिंग है। मिशन के तहत अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। इसरो ने इसकी लॉन्चिंग के लिए अपने एलवीएम3 रॉकेट का इस्तेमाल किया, जो कि इस लॉन्च व्हीकल की छठवीं उड़ान रही और वाणिज्यिक मिशन के लिए तीसरी। भारत के इस लॉन्च व्हीकल को पहले ही इसकी क्षमताओं के लिए बाहुबली नाम दिया जा चुका है।

यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 8.55 बजे हुई। इसरो के मुताबिक, करीब 15 मिनट की उड़ान के बाद कम्युनिकेशन सैटेलाइट रॉकेट से अलग होकर लगभग



520 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिका की AST स्पेसमोबाइल के बीच हुए कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है। इसरो की सफल लॉन्चिंग पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया। जिसमें पीएम मोदी ने लिखा, भारत के युवाओं की ताकत से, हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम ज्यादा आधुनिक और असरदार बन रहा है। एलवीएम3 ने भरोसेमंद हैवी-लिफ्ट प्रदर्शन दिखाया है, जिससे हम गगनयान जैसे भविष्य के मिशन के लिए नींव मजबूत कर रहे हैं, कमर्शियल लॉन्च सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं और वैश्विक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। यह बढ़ी हुई क्षमता और आत्मनिर्भरता को मिला बढ़ावा आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बढ़िया है। इस सफल लॉन्चिंग की अहमियत ये है कि इससे कमर्शियल स्पेस सेक्टर में भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो की पकड़ काफी मजबूत होगी। ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह का वजन लगभग 6,500 किलोग्राम है। यह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित होने वाला सबसे बड़ा वाणिज्यिक संचार उपग्रह भी है। भारत अपने एलवीएम3 लॉन्च व्हीकल के जरिए चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वैश्विक स्तर पर सैटेलाइट इंटरनेट मुहैया कराने वाली- वन वेब के सैटेलाइट लॉन्चिंग मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। वन वेब मिशन में इसरो ने एलवीएम से दो बार में कुल 72 सैटेलाइट्स पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित की थीं। ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह एक अगली पीढ़ी (नेक्स्ट जेन) की प्रणाली का हिस्सा है। अगर यह उपग्रह सही कक्षा में स्थापित हो जाता है और कंपनी के परीक्षण सफल होते हैं तो इसके जरिए 4जी और 5जी स्मार्टफोन पर सीधे सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी मिलेगी। उपभोक्ता को किसी अतिरिक्त एंटीना या कस्टमाइज्ड हार्डवेयर की जरूरत नहीं होगी। फिलहाल सेलफोन को 4जी या 5जी नेटवर्क हासिल करने के लिए मोबाइल टावर की जरूरत होती है, लेकिन इस उपग्रह के सफल होने के बाद टावर का काम खत्म हो सकता है। इस सैटेलाइट की मदद से दूरस्थ स्थानों जैसे पहाड़ी इलाकों, महासागरों और रेगिस्तानों तक मोबाइल सेवा पहुंच सकेगी और इन क्षेत्रों में 4जी-5जी नेटवर्क सुविधा पहुंचाना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं आपदा की स्थिति में जब टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर तूफान, बाढ़, भूकंप, भूस्खलन या दूसरी प्राकृतिक आपदाओं में तबाह हो जाते हैं, तब भी सैटेलाइट नेटवर्क बेहतर रहता है।

## बीएमसी चुनाव के लिए उद्धव-राज ठाकरे ने किया गठबंधन का ऐलान

**बोले- किसी भी झगड़े से बड़ा महाराष्ट्र**



**मुंबई, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र की सियासत में ठाकरे बंधुओं ने एक बड़ा फैसला लेकर सबको चौंका दिया है। बीएमसी चुनावों में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन के ऐलान से पहले उद्धव ठाकरे और एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने अपने परिवारों के साथ शिवाजी पार्क में बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। गठबंधन को लेकर संजय राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे आज चुनावी गठबंधन की घोषणा करने के लिए एकजुट होंगे। उन्होंने कहा, यह महाराष्ट्र और मराठी जनता के लिए खुशी का क्षण है। बालासाहेब ठाकरे ने यहीं के मूल निवासियों के लिए शिवसेना की स्थापना की थी। गठबंधन के ऐलान पर एमएनएस नेता यशवंत किल्लेदार ने कहा कि दो भाई एक साथ आ रहे हैं और हम इस पल का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज जो हो रहा है वह हमारे लिए खुशी की बात है। किल्लेदार ने कहा, दोनों भाई बालासाहेब ठाकरे के स्मृति स्थल पर आएंगे और उसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। वे वहीं गठबंधन की घोषणा करेंगे। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता बहुत उत्साहित हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने कहा, 20 वर्षों तक ठाकरे बंधुओं का साथ नहीं रहा और महाराष्ट्र को इसका बहुत नुकसान उठाना पड़ा। अब भाजपा को सबक सिखाने और मुंबई में चल रही लूट को रोकने के लिए उद्धव और राज ठाकरे एकजुट हुए हैं। हम मुंबई की 10 नगर निगमों में एक साथ चुनाव लड़ेंगे।

## श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 मछुआरों की गिरफ्तारी के खिलाफ रामेश्वरम में हड़ताल, कामकाज ठप

**चेन्नई, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु के रामेश्वरम में मोटरबोट मछुआरों ने बुधवार को एक दिन की हड़ताल की, जिससे मछली पकड़ने की गतिविधियां बंद रहीं। यह हड़ताल श्रीलंकाई नौसेना द्वारा समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 12 मछुआरों की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर की गई। यह विरोध प्रदर्शन गिरफ्तार मछुआरों को जेल में डाले जाने के बाद मछली पकड़ने वाले समुदायों में बढ़ते गुस्से के बाद हुआ, जिससे उनके परिवार संकट और अनिश्चितता में हैं। सभी मछुआरे रामेश्वरम के रहने वाले हैं, जिन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने हिरासत में ले लिया था, जिससे रामनाथपुरम जिले के तटीय गांवों में व्यापक चिंता फैल गई है। शाम को गिरफ्तार मछुआरों के परिवारों ने थंगाचिमाडम में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन शाम 4.30 बजे शुरू हुआ और एक घंटे से अधिक समय तक चला। प्रदर्शन में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। व्यस्त राजमार्ग पर जाम लगने से यातायात ठप हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हुई। रामनाथपुरम राजस्व मंडल अधिकारी कबीब रहमान और रामेश्वरम सहायक पुलिस अधीक्षक मीरा के नेतृत्व में अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात की। परिवार के सदस्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब तक मछुआरों की रिहाई के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक वे आंदोलन वापस नहीं लेंगे।

## कनाडा में भारतीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या, पार्टनर अब्दुल गफूर की तलाश में पुलिस

**टोरंटो, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कनाडा के टोरंटो में भारतीय नागरिक हिमांशी खुरानी की निर्मम हत्या कर दी गई। भारतीय दूतावास ने भी इस सनसनीखेज घटना पर दुख जताया है। टोरंटो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वारंट जार किया है। भारतीय दूतावास ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम भारतीय युवा नागरिक हिमांशी खुराना की मृत्यु से स्तब्ध और दुखी हैं। शोक की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। भारतीय दूतावास ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा जताया है। भारत की रहने वाली 30 वर्षीय हिमांशी खुराना का टोरंटो में मर्डर कर दिया गया।



पुलिस को शक है कि आरोपी हिमांशी का पार्टनर है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया है। वहीं, 32 वर्षीय अब्दुल गफूरी का इस केस से कनेक्शन सामने आया है। शुरुआती जांच में यह मामला पार्टनर के द्वारा हिंसा का मामला लग रहा है। टोरंटो पुलिस को शुक्रवार देर रात हिमांशी की गुमशुदगी की खबर मिली थी। पुलिस ने फौरन इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। 19 दिसंबर की रात से हिमांशी की तलाश की जाने लगी थी। 20 दिसंबर की सुबह लगभग 6.30 बजे हिमांशी का शव एक घर के

## जगदलपुर में दुकानों को बंद कराने के दौरान तनाव और बवाल की स्थिति बनी रही



**जगदलपुर, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कांकेर जिले के आमाबेड़ा गांव में शव दफनाने को लेकर हुई धार्मिक हिंसा ने पूरे बस्तर संभाग में तनाव का माहौल बना दिया है। इस विवाद पर सर्व समाज ने कड़ा आक्रोश जताते हुए आज प्रदेश बंद का ऐलान किया है। सुबह बंद के दौरान नगर में मेन रोड स्थित दुकानों बंद कराने के दौरान तनाव और बवाल की स्थिति बनी, लेकिन बाद में व्यापारियों के दुकानें बंद करने से मामला शांत हो गया।

बंद का असर आज सुबह से ही बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में साफ नजर आया। सुबह से ही सर्व समाज के पदाधिकारी और विभिन्न समाजों के प्रमुख जगदलपुर शहर में भ्रमण कर बंद का जायजा लेते नजर आए। बाजार, दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जिससे शहर की रफ्तार थमी हुई दिखाई दी. बंद को लेकर बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन का ऐलान किया है, लेकिन व्यापारियों के एक वर्ग ने इस पर नाराजगी भी जाहिर की। खासकर जगदलपुर के मेन रोड क्षेत्र में कुछ व्यापारियों ने त्यौहार से ठीक एक दिन पहले बंद कराए जाने पर आपत्ति जताई। व्यापारियों का कहना था कि क्रिसमस त्यौहार के चलते इस समय व्यापार चरम पर रहता है, और बंद से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

इसी मुद्दे को लेकर मेन रोड में कुछ समय के लिए तनाव और बवाल की स्थिति भी बनी, हालांकि बाद में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मामला शांत हुआ।

## गोली लगने से आर्मी के जेसीओ की मौत

**जम्मू 24 दिसम्बर।** जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को ड्यूटी के दौरान गोली लगने से सेना के एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है, लेकिन घटना में किसी भी आतंकवादी एंगल से इनकार किया गया है और जानकारी का इंतजार है। जम्मू और कश्मीर में पहले भी तैनात सेना और सुरक्षा बलों की जान गलती से गोली चलने के कारण गई है। काउंसलरों ने तैनात बलों में सतर्कता की कमी के मुख्य कारणों के रूप में मुश्किल हालात में लंबे समय तक ड्यूटी, परिवारों से दूरी और तैनात इलाकों में मनोरंजन की कमी को बताया है। परिवारों से मिलने के लिए समय-समय पर छुट्टी, बैरक और हेडक्वार्टर में मनोरंजन के साधन, बेहतर कमांड और कंट्रोल स्ट्रक्चर कुछ ऐसे उपाय हैं जो मुश्किल माहौल में ड्यूटी कर रहे तैनात बलों में लगातार सतर्कता बनाए रखने के लिए सुझाए गए हैं।

ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात सैनिक, जहां भारी बर्फबारी से हिमस्खलन और अन्य मौसम संबंधी आपदाएं आती हैं, इससे सैनिकों के रहने की स्थिति भी प्रभावित होती है। सेना के बंकर कभी-कभी इन हिमस्खलनों और बर्फीले तूफानों की चपेट में आ जाते हैं, जिससे अप्रत्याशित नुकसान होता है। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले तैनात सैनिकों की बहादुरी और प्रतिबद्धता देश के लिए गर्व की बात है। देश के ये प्रहरी यह सुनिश्चित करने के लिए रातों की नींद हराम करते हैं कि उनके देशवासियों को शांति और सुरक्षा मिले।

## तेंदुए के हमले में युवक की मौत, 5 लोग घायल, बुजुर्ग ने दिखाई हिम्मत

**मंडी, 24 दिसम्बर ।**

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में खूंखार तेंदुए ने लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। तेंदुए ने एक व्यक्ति को मार डाला व पांच को बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। बल्ह उपमंडल की भडयाल पंचायत में आदमखोर तेंदुए ने तीन गांव में हमला कर छह लोगों को घायल कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। घायलों की पहचान अभी तक साहिब सिंह पुत्र जोगीमलदार निवासी बिहार, चंपा देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी मलवाणा, दीनानाथ पुत्र विक्रम निवासी भडयाल, जतिन पुत्र दीनानाथ निवासी भडयाल, रेखा देवी पत्नी दीनानाथ के रूप में हुई है। वहीं भडयाल में पिंकू राम के घर आए उसके साले 40 वर्षीय बलवीर सिंह निवासी भ्यूली मंडी की मौत हो गई है। लोगों ने तेंदुए को भी मार गिराया है।

## कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग

**ठाणे, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार सुबह एक कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग बुझाने के दौरान एक फायरमैन मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह करीब 5.45 बजे भिवंडी के खोनी गांव स्थित औद्योगिक इकाई में लगी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 8.30 बजे आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के दौरान एक एलपीजी सिलेंडर फट गया, जिससे फायरमैन को हल्की चोटें आईं। घायल फायरमैन को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आग के बाद कूलिंग का काम जारी है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## पंजाब-पाक बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों का अलर्ट, पंजाब पुलिस, बीएसएफ-एसओजी कमांडो का जॉइंट सर्च ऑपरेशन

**पठानकोट, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुरक्षा एजेंसियों की ओर से जारी इनपुट के बाद जिले के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और खतरों को नाकाम करने के उद्देश्य से पंजाब पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के कमांडो संयुक्त रूप से लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के बॉर्डर एरिया में बीते कुछ दिनों से व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान जारी है। बुधवार को भी सुरक्षा बलों ने अलग-अलग जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि यह एक रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा एजेंसियों को मिले इनपुट के बाद सतर्कता को और बढ़ा दिया गया है। हर संदिग्ध गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सुजानपुर पुलिस की ओर से भी आज



क्षेत्र में विशेष सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इलाके में मौजूद दरिया के किनारों, सुनसान स्थानों और खंडहर पड़ी इमारतों की गहनता से जांच करें। सुरक्षा बल इलाके के चप्पे-चप्पे को खंगाल रहे हैं ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की मौजूदगी का पता लगाया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, यह सर्च ऑपरेशन खास तौर पर नव वर्ष के मद्देनजर शुरू किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि नए साल के दौरान किसी भी तरह की संभावित आतंकी घुसपैठ की कोशिश की जा सकती है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि जनता की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को सूचित करें।

## आपने उसकी हत्या करवाई..., उस्मान हादी के भाई ने खोली यूनुस सरकार की पोल

**नई दिल्ली।** छात्र नेता शरीफ उस्मान की मौत के बाद से बांग्लादेश में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय हिसंक प्रदर्शन करने वालों के निशाने पर है। वहीं, शरीफ उस्मान के भाई ने इसे यूनुस सरकार की चाल बताया है। उस्मान के भाई ने यूनुस की अंतरिम सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि फरवरी में होने वाले आम चुनाव से पहले देश का माहौल खराब करने के लिए यह षड्यंत्र रचा गया है। उस्मान हादी के भाई शरीफ उमर हादी ढाका के शाहबाग में प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, उस्मान किसी के आगे झुकता नहीं था। आपने उस्मान हादी को मार दिया और अब आप इसे मुद्दा बनाकर चुनाव को टालने की कोशिश कर रहे हैं।

## भाजपा मंडल दीपका के शक्ति केंद्र मां समलाई में संगठनात्मक बैठक संपन्न

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दीपका के शक्ति केंद्र मां समलाई अंतर्गत सभी बूथों में संगठनात्मक कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर मां समलाई शक्ति केंद्र प्रभारी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, भाजपा मंडल महामंत्री धर्म तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा दीपका मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल महामंत्री आनंद चौकसे, भाजपा युवा मोर्चा मंडल मंत्री सत्यम यादव, गौकरण कंवर सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ सदस्यगण उपस्थित रहे।बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा संगठनात्मक एकजुटता को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।

## टीबी मराजों को किया गया पोषण सहयोग



**कोरबा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत टीबी रोगियों को पोषण सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से लायंस क्लब कोरबा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इस क्रम में आज जिले के 20 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया।

प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सी के सिंह द्वारा बताया गया कि टीबी मरीजों को डॉट्स दवाई के साथ पोषण का विशेष ध्यान देना पड़ता है । इसको ध्यान रखते हुए टीबी मरीजों को दाल, चावल, आटा, तेल एवं अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री से युक्त फूड बास्केट प्रदान किए गए, जिससे उनके उपचार के दौरान पोषण स्तर में सुधार हो सके। लायंस क्लब कोरबा द्वारा किया गया यह सहयोग समाज में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री पद्माकर सिंदे कोरबा के द्वारा लायंस क्लब कोरबा के इस मानवीय एवं सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में दवा के साथ-साथ पोषण की भी अहम भूमिका होती है, और इस प्रकार के सहयोग से मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलता है। इस अवसर पर जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ बी आर रात्रे, लायंस क्लब बालकों के अध्यक्ष लायन विक्रम अग्रवाल, लायन जी.पी. केडिया, लायन जे.के. जैन, लायन सोनल शाह, लायन राजेश ठाकुर, लायन बी.के. सिंह, लायन अजय जायसवाल सहित लायंस क्लब बालकों के अन्य सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित सदस्यों ने इस सेवा कार्य को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया और समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता हेतु लायंस क्लब की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## कोरबा में स्वयंसेवकों की कार्यशाला, पंचायत राज से लेकर 'मोर गांव मोर पानी' तक हुई चर्चा

**कोरबा ।** कोरबा जिले में गुरुवार को स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत राज व्यवस्था, ग्राम पंचायत विकास योजना और स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।कार्यशाला में प्रतिभागियों को पंचायत राज प्रणाली,फोरम और (ग्राम पंचायत विकास योजना) के बारे में बताया गया। साथ ही स्स्ष्ठत्न थीम के तहत ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई।

स्वस्थ पंचायत थीम के अंतर्गत और) की भूमिका को समझाया गया। इसमें मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ,हरू की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि ये कार्यकर्ता ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों में किन समस्याओं पर परामर्श लेना चाहिए, इस पर भी जानकारी दी गई।

बाल हितैषी पंचायत विषय पर ग्राम पंचायत कनकी में संचालित सुपर आरवी मोहल्ला क्लास का उदाहरण सामने आया। स्वयंसेवक राजवाड़े और रानीवांती राजवाड़े ने बताया कि वे मोहल्ला क्लास के माध्यम से 72 बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इस पहल के चलते बच्चों की पढ़ाई में सुधार हुआ है और उन्हें स्कूल में पढ़ाने का अवसर भी मिला है।

महिला हितैषी पंचायत के तहत रांझना, छुरीखुर्द, कापूबहरा, धनरास, जवाली, झेंझरा, हुकरा और ढिंढोलभाठा सहित 9 ग्राम पंचायतों में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। रांझना की किशोरीबाड़ी अध्यक्ष संगीता ने बताया कि वे 40 किशोरियों के साथ मिलकर सरपंच के सहयोग से काम कर रही हैं। किशोरियां ग्राम सभा में भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव रख रही हैं।कार्यशाला में पूर्ण जल युक्त पंचायत के तहत (जल एवं स्वच्छता समिति) के गठन और उसकी भूमिका पर चर्चा हुई। इसके बाद 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण और जल बजट पर विस्तार से बातचीत की गई।इस मौके पर जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में पंचायत स्तर पर स्वयंसेवकों की भूमिका मजबूत हुई है और विकास कार्यों को नई दिशा मिली है।कार्यशाला में जितेंद्र देव पांडेय ने पंचायत स्तर पर स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं विद्यार्थी जी ने कहा कि यदि स्वयंसेवक अपने गांव से जुड़े हों तो स्स्ष्ठत्न के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। सुरेंद्र जी ने ष्ट्ङ्क मेकिंग पर जानकारी दी। इंजीनियर ऋचा साहू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से रोजगार के अवसर बताए। पल्लवी पंकज और नीलू ने गांधी फेलोशिप की जानकारी दी।कार्यक्रम के सफल आयोजन में लक्ष्मी साहू , इलियाना लकड़ा और मानशु शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

## न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी प्रस्तुति

**कोरबा।** न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा में 22 दिसंबर को वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।मुख्य अतिथि, देशभर में 'पॉन्डमैन ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात रामवीर तंवर ने जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और सामाजिक जिम्मेदारी पर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों की मंचीय प्रस्तुति और अनुशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, समूह गीत, नाट्य प्रस्तुतियां और रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# रामपुर विधायक राठिया ने भैसमा समेत विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण





कोरबा। विधायक फूल सिंह राठिया ने धान उपार्जन केंद्र भैसमा, तिलकेजा, तुमान, चिकनी पाली और लबेद रामभाठा का औचक निरीक्षण किया।.उन्होंने फोन के माध्यम से कलेक्टर कोरबा को समस्याओं से अवगत करायाविधायक फूल सिंह राठिया ने धान उपार्जन केंद्र भैसमा, तिलकेजा, तुमान, चिकनी पाली और लबेद रामभाठा का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने फोन के माध्यम से कलेक्टर कोरबा को समस्याओं से अवगत कराया विधायक फूल सिंह राठिया ने धान उपार्जनकेंद्र भैसमा,तिलकेजा, तुमान,चिकनी पाली,लबेद रामभाठा का औचक निरीक्षण किया जिसमें पाया कि धान का कहीं 40.8,40.9,4100 समिति के द्वारा वजन लिया जा रहा है।हमलों (मजदुर) को प्रतिदिन के हिसाब से 200 रुपये दिया जा रहा है।समितियों के पास त्रिपाल की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण धान जमीन पर गिरने से किसानों को नुक्सान उठाना पड़ रहा है।

फोन के माध्यम से कलेक्टर कोरबा को समस्याओं से अवगत कराया हूं। साथ में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान जनपद सदस्य पताढी अनिल खूंटे , विधायक प्रतिनिधि प्रवीण ओगरे , इब्राहिम फारुकी , प्रमोद श्रीवास ,अनुप चन्द्रा , बिसाहू पटेल जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड, रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था तथा प्रवेश नियंत्रण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वेयरहाउस परिसर में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्वाचन से संबंधित उपकरणों के रख-रखाव और दस्तावेजीकरण में पारदर्शिता बनाए रखी जाए।कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस परिसर की साफ सफाई, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं मशीनों की स्थिति का समय-समय पर परीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी अभिलेखों एवं मशीनों की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वेयरहाउस संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की। कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखना चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है, ताकि चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बना रहे। इस त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने निरीक्षण प्रक्रिया में भाग लिया और वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर सहित जिला निर्वाचन कार्यालय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



## नवापारा में आकर्षण का केन्द्र बना पेड़

कोरबा । जिले की ग्राम पंचायत पकरिया अंतर्गत नवापारा गांव के एक सूने मैदान में स्थित वर्षों से सूखा पड़ा पेड़ इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह पेड़ अब हरियाली से नहीं, बल्कि रंग-बिरंगी कांच की बोतलों से जगमगा रहा है। गांव के युवाओं ने इस बेजान पेड़ को रचनात्मकता और पर्यावरण संदेश का प्रतीक बना दिया है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, कुछ महीने पहले तक यह पेड़ पूरी तरह सूखा और कुरूप दिखाई देता था। तब गांव के युवाओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के पुन: उपयोग को लेकर एक नई सोच विकसित की। उन्होंने घरों, दुकानों और आसपास की जगहों से बेकार पड़ी कांच की बोतलें एकत्र कीं, उन्हें रंगा और धागों के सहारे पेड़ की शाखाओं पर सजाया। धीरे-धीरे यह सूखा पेड़ एक कलात्मक दृश्य में बदल गया। शाम के समय जब सूर्य की किरणें इन रंगीन बोतलों पर पड़ती हैं, तो पूरा पेड़ चमक उठता है। दूर-दराज से लोग इस अनोखे दृश्य को देखने पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने युवाओं की इस पहल की खुले दिल से सराहना की है। स्कूल के बच्चों का कहना है कि इस प्रयास से यह सीख मिलती है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो बेकार समझी जाने वाली चीजों को भी सुंदर और उपयोगी बनाया जा सकता है। युवाओं का कहना है कि उनका उद्देश्य गांव में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही बच्चों और ग्रामीणों में रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना भी इस पहल का अहम हिस्सा है। युवाओं ने यह भी कहा कि यदि ग्राम पंचायत और ग्रामीणों का सहयोग मिला, तो भविष्य में ऐसे और नवाचार किए जाएंगे। यह अनोखी पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सामूहिक प्रयास और रचनात्मक सोच से छोटे बदलाव भी बड़ी मिसाल बन सकते हैं।

### पीवीटीजी बसाहटो और विद्युतविहीन क्षेत्रों में शीघ्र बिजली पहुचाने के निर्देश

# कोई भी पात्र व्यक्ति पीएम आवास योजना शहरी से वंचित न हो : कलेक्टर कुणाल दुदावत



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएमओ, राज्यपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, माननीय मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, जनशिकायत तथा टीएल में चिन्हांकित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों में समय पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर रिपोर्ट अपलेड करने और संबंधितों को भी सूचित करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने बंद हो चुके विभिन्न योजनाओं के बैंक खातों को बंद करने के निर्देश देते हुए जमा राशि को शासन के खाते में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त, सीएमओ को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से न छूटे, इसके लिए संबंधित क्षेत्र में सर्वे कराकर जानकारी तैयार कर ली जाए और इसका डीपीआर बनाकर विभाग को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने पीएम आवास और पीएम जनमन आवास की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर कार्यों की समीक्षा कर आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाए। उन्होंने लंबित कार्यों में प्रगति लाने और प्रति सप्ताह ढाई सौ आवास का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य निधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास के नाम पर किसी के द्वारा हितग्राहियों से राशि मांगे जाने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और पीवीटीजी परिवारों के घरों में सोलर पैनल स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पीवीटीजी परिवारों के घर में दिए गए लक्ष्य के अनुसार सोलर सिस्टम शीघ्र स्थापित करें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर इंस्टालेशन के लिए शेष घरों में सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि अलग-अलग डिवीजन के आधार पर अधिक बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली जाए और विद्युत विभाग के सब इंजीनियर के माध्यम से उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर के फायदे तथा शासन द्वारा दी जा रही छूट से अवगत कराते हुए इच्छुक उपभोक्ताओं के घर पीएम सूर्यघर स्थापना की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने लीड बैंक अधिकारी को पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीवीटीजी परिवारों के बसाहटों और विद्युतविहीन क्षेत्रों में बिजली पहुचाने तथा घरों में मीटर स्थापित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के लिए विभागीय अिकारियों की डयूटी लगाने, सात दिवस के भीतर सत्यापन कराने, पीएमश्री विद्यालयों में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार और सीएमओ स्तर पर लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि समय पर लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने तहसीलदारों को रकबा संसोधन, छूटे हुए खसरा आदि प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बाल सम्प्रेषण गृह, स्कूल विद्यार्थियों के अपार आईडी, कमजोर विद्यार्थियों का रेमेडियल क्लास, रेडी टू ईट निर्माण हेतु मशीन की स्थापना, नये सत्र से आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की जा रही कार्यवाही, नये छात्रावास, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत हाईटेक नर्सरी निर्माण सहित जिले में संचालित महत्वपूर्ण कार्यों आदि की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, एसडीएम श्री तन्मय खन्ना, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहें।

## सुशासन की नींव पर टिकी धान खरीदी व्यवस्था, किसानों को मिला सम्मान, सुविधा और सही मूल्य'

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं किसान हितैषी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुगमता एवं निर्बाध रूप से निरंतर जारी है। खेत से लेकर उपार्जन केंद्र तक किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। शासन द्वारा की गई बेहतर योजना, सर्वाधिक समर्थन मूल्य तथा सुदृढ़ व्यवस्थाओं के चलते किसानों में विश्वास और संतोष का वातावरण निर्मित हुआ है।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, सम्मानजनक प्रक्रिया तथा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अमले द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे तौल, पंजीयन, भुगतान एवं अन्य प्रक्रियाएं समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो रही हैं। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के बैठने, छाया, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इसी क्रम में जिले के ग्राम तरदा निवासी कृषक श्री गोवर्धन प्रसाद कैवर्त ने अपनी मेहनत की उपज 52 क्विंटल धान का विक्रय कनकी स्थित उपार्जन केंद्र में किया। श्री कैवर्त के पास लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई 'तुंहर टोकन' ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से उन्होंने घर बैठे ही टोकन प्राप्त कर लिया, जिससे उन्हें समिति कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े और समय की भी बचत हुई। यह डिजिटल व्यवस्था किसानों के लिए अत्यंत सुविधाजनक सिद्ध हो रही है।



कृषक श्री कैवर्त ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष उन्होंने 105 क्विंटल धान का विक्रय किया था और उस समय भी उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया सरल, सुचारू एवं परेशानी मुक्त है। उपार्जन केंद्र पर पहुंचते ही तौल, पंजीयन एवं अन्य औपचारिकताएं सहजता से पूरी हो जाती हैं, जिससे किसानों को संतोष का अनुभव हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा घोषित सर्वाधिक समर्थन मूल्य किसानों के लिए आर्थिक संबल प्रदान कर रहा है। साथ ही, उपार्जन केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाएं और अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किसानों के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार यह दर्शाता है कि शासन वास्तव में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। निरंतर निगरानी एवं व्यवस्था की पारदर्शिता के कारण किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार का संदेह या भय नहीं रहता।

कृषक श्री गोवर्धन प्रसाद कैवर्त ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार में किसान स्वयं को सम्मानित, सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जिले में बेहतर धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन कोरबा की भी सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित की जा रही है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ उनमें शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो रहा है।

## 'सरकारी के बजाय निजी अस्पताल भेजे जाने की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सख्ती'

**कोरबा ।** सरकारी के बजाय निजी अस्पताल पहुँचाने का चल रहा धंधा' के संबंध में स्व श्री बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया गया है। इस संदर्भ में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. के. के. सहारे ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समाचार में उल्लेखित मामले की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता नहीं पाई गई।

डीन डॉ. सहारे ने कहा कि अस्पताल परिसर में मरीजों को निजी अस्पताल भेजने जैसी गतिविधियाँ पूर्णत: अस्वीकार्य हैं। इस प्रकार की संभावना को रोकने हेतु अस्पताल परिसर में किसी भी निजी एजेंसी या निजी एम्बुलेंस को खड़े होने की अनुमति नहीं देने संबंधी सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहायक अस्पताल अधीक्षक एवं उप-अस्पताल अधीक्षक को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा ऐसी किसी भी पुनरावृत्ति को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। डीन ने यह भी कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और मरीजों के हितों से समझौता करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के उपयोग पर की कार्यवाही

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको व रिसदी रोड स्थित दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते हुए पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों को 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त आशुतोष पांडेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में बालको व रिसदी रोड स्थित दुकानों में निगम अमले द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहां पर स्थित दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए इन संबंधित दुकानदारों पर निगम अमले ने 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, उन्हें कड़ी हिदायत दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग दुकानों में न करें तथा वैकल्पिक सामग्रियों को उपयोग में लायें। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग कदापि न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग डिस्पोजल व अन्य सामग्री जहाँ एक ओर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, वहीं दूसरी ओर साफ-सफाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है, इसके साथ ही प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल जैसी सामग्रियाँ मवेशियों के लिए भी अत्यंत घातक है। उन्होने कहा कि निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अत: की जाने वाली कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली:-विशेष गहन पुनरीक्षण

### राजनैतिक दलों की उपस्थिति में कलेक्टर ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का किया प्रारंभिक प्रकाशन



**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन राजनीतिक दलों की उपस्थिति में की गई। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि आज मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

कलेक्टर श्री दुदावत ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रतियां सौंपते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 326 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 एवं 19 के अंतर्गत सभी योग्य व्यक्तियों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि कोई भी योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित न होने पाए। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, किसी व्यक्ति का निर्वाचक नामावली में पंजीकरण तभी संभव है जब उसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी हो, भारत का नागरिक हो तथा किसी भी प्रचलित कानून के अंतर्गत निरर्हित न हो।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 23 दिसंबर 2025 के पश्चात कोरबा जिले में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया जारी है। कोरबा जिले में कुल चार विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 20-रामपुर, 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23-पाली तानाखार शामिल हैं। जिले में पूर्व में 1081 मतदान केन्द्र स्थापित थे, युक्तियुक्तकरण के पश्चात 132 नवीन मतदान केन्द्र जुड़े है, जिससे जिले में अब कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1211 हो गई है।

# करोड़ों खर्च के बाद जनादेश परब से कुछ नहीं मिला जिलेवासियों को

## झूठी वाह वाही एवं चापलूसी में ही लगे रहे जिले के भाजपा नेता

सीताराम नायक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश सरकार द्वारा जनादेश परब मनाया गया। यह जनादेश परब छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के खोखरा भाटा में आयोजित की गई जहां हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर इस कार्यक्रम के गवाही बने। इस आयोजन को लेकर प्रदेश स्तर पर तैयारी की गई थी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के तमाम मंत्री इसको सफल बनाने के लिए जुटे हुए थे, जिसमें करोड़ों रुपए जनादेश परब के नाम पर फूंक दिया गया। वहीं इसके बदले में जनता को क्या मिला यह एक यक्ष प्रश्न लोगों की जुबान पर आज विद्यमान है? इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा इस कार्यक्रम में शिरकत किए,किंतु करोड़ रुपए खर्च के बाद ना तो प्रदेशवासियों के लिए कोई घोषणा की गई और ना ही जांजगीर चांपा जिले वासियों को कोई सौगात मिल पाया। नतीजा यह रहा कि जनादेश परब के नाम पर शासन के करोड़ों रुपए फूंक दिए गए।

ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी था किंतु इसे एक तरह से भाजपा अधिवेशन के रूप में मूर्त रूप दे दिया गया । इस मंच से जहां कांग्रेसियों एवं विपक्षी दलों के ऊपर कटाक्ष किया गया वहीं भाजपा के कमल छाप चिन्ह वाले दुपट्टे लगाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कार्यक्रम स्थल में पूरे समय नजर आए। इस कार्यक्रम के आयोजन के प्रारंभ से ही ऐसा लग रहा था कि मानो यह सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि भाजपा का निजी कार्यक्रम है जिसके चलते जिले के अधिकतर लोग जो दूसरी पार्टी से संपर्क रखते रहे हैं वे इस कार्यक्रम से अपने आप को दूर ही रखे रहे। 卐जनादेश परब के इस कार्यक्रम में ना तो कोई भूमि पूजन किया गया और ना ही किसी कार्य का लोकार्पण हुआ। इस मंच से केवल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनके किए गए 2 वर्ष के कार्यों का उल्लेख ही करते रहे जबकि भाजपा के अन्य नेता इन कार्यों का उल्लेख प्रत्येक कार्यक्रमों में करते रहते हैं। इसमें कुछ नया नहीं दिखा। जिसको देखकर यही लगा कि सत्ता की आड़ में प्रदेश की भाजपा सरकार पार्टी के विजन में छत्तीसगढ़ के खजाने का दुरुपयोग कर रही है।



वैसे छत्तीसगढ़ बनने के बाद वर्तमान में जिस तरह से प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार चल रही है यह अब तक की सरकारो में सबसे नाकामयाब सरकार नजर आने लगी है क्योंकि सरकारी तंत्र के लोग कामों के अभाव में खाली बैठे हुए है। जिनसे सरकार काम लेने की बजाय केवल जानकारी ही लेने में 2 वर्ष का समय व्यतीत कर दी। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरी निकाय, स्वास्थ्य विभाग, ट्रांसपोर्ट, वन विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य पालन विभाग, यहां तक कि ग्राम पंचायतों में में यदा-कदा ही सरकार के छोटे-मोटे कार्य चल रहे हैं । इन विभागों में सरकारी तंत्र के लोगों के लिए अरबो रुपए का वेतन भुगतान ऐसे ही दिया जा रहा है जो काम के अभाव में विभाग के अधिकारी और कर्मचारी केवल समय काट रहे हैं। नतीजा यह है कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। अपराध निरंतर सुरसा की तरह अपने आकार में बढ़ोतरी करने लगे हैं, वहीं पलायन इस प्रदेश से दूसरे प्रदेशों में लोग निरंतर कर रहे हैं। यह प्रदेश सरकार की सबसे बड़ी नाकामयाबी है। डबल इंजन सरकार का ढोल पीटने वाले भाजपा नेताओं को यह नहीं मालूम की केवल नारों से लोगों का पेट नहीं भरता बल्कि जनता को रोजगार, रोटी,कपड़ा, मकान के अलावा अनेक सुविधाओं की आवश्यकता होती है जिससे पूरा करने के लिए सरकार को कार्य योजना बनाकर लागू करने की जरूरत है।

विदित हो कि भाजपा में न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राज्य से केंद्र स्तर पर चापलूसी करने की राजनीति कदम दर कम बढ़ने लगी है जिसका फायदा अयोग्य नेता चापलूसी के दम पर उन मुकामों पर पहुंच जाते हैं जिन मुकामों के वे लायक नहीं हैं। जनादेश परब के मुख्य अतिथि जेपी नड्डा को वर्षों पहले जांजगीर में आने और रुकने की बातें तो याद रही किंतु उन्हें यह याद नहीं रहा की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष को क्षेत्र के विकास के लिए जनता को क्या सौगात देनी है। और ना ही स्थानीय नेताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं के लिए एक आवेदन तक दिए। बहरहाल सरकार के आड़ में जनता के पैसों का भाजपा के नेता खुलकर दुरुपयोग कर रहे हैं जो सरकारी कार्यक्रमों के आड़ में पार्टी के एजेंडे को पूरा करने में एड़ी चोटी एक कर प्रदेश के खजाने को खोखला करने में लगे हुए हैं। जनता को ऐसे नेताओं के मंसूबे को भांपते हुए उनके कृत्यों के अनुसार सबक सिखाने की आवश्यकता है।

# 29, 30 व 31 दिसंबर को फेडरेशन का तीन दिवसीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन

**जांजगीर चांपा।** कर्मचारीअधिकारी फेडरेशन, जिला शाखा जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में तृतीय चरण के अंतर्गत दिनांक 29 से 31 दिसंबर तक प्रस्तावित जिला स्तरीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन को लेकर जिले भर में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है। फेडरेशन की ग्यारह सूत्रीय न्यायोचित मांगों के समर्थन में अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में एकजुट हो रहे हैं।




इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र के समान राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान करना, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा शीघ्र लागू करना सहित कुल 11 महत्वपूर्ण मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करना है।

आंदोलन के समर्थन में आज जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा में सघन संपर्क एवं समर्थन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कलेक्टर कार्यालय के समस्त विभागों, जिला कोषालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यालय, आबकारी विभाग, आदिमजाति विभाग, एसडीएम कार्यालय, रजिस्ट्रार एवं तहसील कार्यालय सहित शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया।

फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन के उद्देश्यों एवं मांगों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसे कर्मचारियों ने पूर्णतः न्यायसंगत एवं आवश्यक बताया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अवकाश आवेदन भरकर आंदोलन में सहभागिता की सहमति दी तथा सभी कार्यालयीन कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। संपर्क अभियान के दौरान फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार, जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय, कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर देवांगन, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ सचिव मनहरण थवाईत, राजस्व पटवारी संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, संयुक्त शिक्षक संघ अध्यक्ष विकास सिंह, व्याख्याता संघ अध्यक्ष राधेश्याम कंवर, स्वास्थ्य संयोजक संघ अध्यक्ष शत्रुहन राठौर, कार्यालयीन सचिव टीकम थवाईत, राजू देवांगन, श्रीमती लक्ष्मी देवांगन, प्रमोद टंडन, रामनरेश राठौर, देवेन्द्र साहू सहित फेडरेशन के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे। फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार एवं जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय ने जानकारी देते हुए कहा कि संपर्क एवं समर्थन के तहत कल जांजगीर में समग्र शिक्षा विभाग,जिला चिकित्सालय,डिस्ट्रिक सीईओ आफिस,आरटीओ आफिस तथा चांपा में पीडब्ल्यूडी,एरीगेशन आफिस,फारेस्ट आफिस में अभियान चलाया जाएगा।

## सभापति ने हिरेन्द्र को प्रदान किया श्रवण यंत्र

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने अपने क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक को श्रवण यंत्र प्रदान किया। नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिऊड़ निवासी 87 वर्षीय हिरेन्द्र सिंह बनाफर को कानों में सुनने थोड़ी परेशानी थी, इस समस्या को देखते हुए, सभापति राजकुमार साहू ने तत्काल संज्ञान लेते हुए श्री सिंह को जिला पंचायत स्थित समाज कल्याण से श्रवण यंत्र प्रदान करवाया। श्रवण यंत्र मिलने उपरांत हिरेन्द्र सिंह ने सभापति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे श्रवण यंत्र मिलने से अब सुनने में किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होगा अब मैं भी अन्य सामान्य लोगों की तरह अच्छी तरह से सुन सकता हूँ और समझ सकता हूँ।





## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिला जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल

**जांजगीर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल विगत दिनो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके जांजगीर प्रवास के दौरान भेंट की श्री नड्डा ने जांजगीर मे आयोजित छग भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब कार्यक्रम मे मुख्य अभ्यागत के रूप मे शामिल होकर विशाल जनसभा को संबोधित किया।

## पंकज पटेल नए एएसपी, भुवनेश्वरीहोंगी एसडीओपी



**सक्ती।** राज्य शासन की ओर से जारी तबादला आदेश में सक्ती जिले के पुलिस महकमे में फेरबदल हुआ है। तबादला आदेश के अनुसार सक्ती जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव का स्थानांतरण बेमेतरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर किया गया है। उनकी जगह पंकज पटेल को जिले का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। पटेल इससे पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया के पद पर थे। इसके अलावा डीएसपी अंजली गुप्ता का तबादला पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, रेंज कांकेर किया गया है। कोंडागांव में उप पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा को यहां एसडीओपी बनाया गया है।

# ब्यास कश्यप ने विधानसभा में आबकारी विभाग में हो रही अवैध वसूली का मामला उठाया

**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान आबकारी विभाग जांजगीर-चांपा में हो रही भ्रष्टाचार एवं अवैध वसूली का मामला उठाया।



उन्होंने कहा कि जिला जांजगीर-चांपा का आबकारी विभाग अपने भ्रष्टाचार एवं अवैध वसूली के लिए चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। जिले के आबकारी विभाग में संचालित प्लेसमेंट कंपनी प्राईम वन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत एरिया मैनेजर चंद्रिका चंद्रा के द्वारा गौरव शुक्ला नाम के व्यक्ति के माध्यम से लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की अवैध उगाही करायी जा रही है। इसकी लिखित शिकायत सहायक आयुक्त आबकारी जांजगीर, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जांजगीर से की गई है। शराब दुकान का संचालन करने वाली प्लेसमेंट कंपनी प्राइम वन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्थानीय अधिकारियों पर शराब दुकान के कर्मचारियों ने ही प्रतिमाह पांच से दस हजार रूपये तक वसूल करने का गंभीर आरोप लगाया है। यह एक गंभीर मामला है। उक्त खबरे प्रमुख समाचार पत्रों में भी छपी है। सक्षम अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही है। इससे लोगों में निराशा है तथा शासन-प्रशासन पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। ब्यास कश्यप ने बताया कि उपरोक्त बातें विधानसभा में विभागीय मंत्री के संज्ञान में लाया गया है। विभाग की ओर से इसके जवाब एवं संबंधितों पर कार्यवाही का इंतजार है। यदि संतोषजनक कार्यवाही नही की गई तो आगामी विधानसभा सत्र में पुनः शासन का ध्यान आकृष्ट कराने की बात जांजगीर-चांपा विधायक ने की है।



# डबरी और तालाबों में भी अब अतिक्रमण की समस्या

## राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही न करने से अतिक्रमण वासियों के हौसले बुलंद

## नपा परिषद के अधिकारी और कर्मचारी बने हुए हैं मूकदर्शक

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर-नैला के दो पाटों में बसा हुआ नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला जांजगीर नैला अंतर्गत अंतर्गत नैला के डबरी और तालाबों के अतिक्रमण की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ते जा रही हैं और अब यह समस्या गंभीर बन गई हैं । नगरपालिका परिषद और राजस्व विभाग डबरी और तालाबों को सहेजने का काम केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित हैं।यह समस्या अब समस्या नहीं बल्कि एक आपदा बनकर आ रही हैं । कार्यवाही न होने के चलते अब डबरी और तालाबों के बचे हुए जमीन पर भी अतिक्रमण करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। इधर अतिक्रमण की शिकायतें भी राजस्व विभाग तक पहुंच रही हैं । मगर राजस्व विभाग भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं कर रहा हैं । विडंबना यह हैं कि कई शिकायतों पर कार्रवाई का इंतजार करते एक साल से ज्यादा का समय बीत गया लेकिन कार्रवाई नहीं हुईं हैं । जिसका नतीजा यह हो रहा हैं कि आज अतिक्रमण पहले से और बढ़कर दोगुना हो गया है और तालाब का अस्तित्व सिमटता जा रहा हैं। नगरपालिका हर बार परिषद की बैठकों में तालाबों के सौंदर्याकरण को लेकर बड़े-बड़े बातें करता हैं , लेकिन धरातल पर यह योजना आज तक नहीं उतर पाई ।



गत 17 दिसंबर को हुई परिषद की सामान्य सभा की बैठक में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हो रहा हैं तो इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे। शहर के वार्ड क्रमांक 3 में नया तालाब, वार्ड क्रमांक 4 में जुन्ना तालाब, वार्ड क्रमांक 5 स्थित राम प्रसाद तालाब, वार्ड क्रमांक 10 स्थित डनडनिया डबरी में अतिक्रमण किए जाने की शिकायत कई बार होने के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया । शिकायतकर्ताओं ने जिला प्रशासन को अवगत कराया था कि तालाबो को अवैध रूप से पाटकर अवैध कब्जा किया जा रहा है । इससे डबरी एवं तालाब दिनोंदिन सिमटता जा रहा है। लेकिन विडंबना हैं कि इस शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ। जिसका नतीजा यह है कि डबरी एवं तालाब के चारों ओर अतिक्रमण और बढ़ता जा रहा है। शहर के तालाबों के सौंदर्गीकरण को एजेंडा बनाकर परिषद के सामने रख दिया। जिनमें वार्ड क्र. 16 दर्री डबरी तालाब, वार्ड क्रमांक 21 खड़फड़ी तालाब, वार्ड क्रमांक 13 डुमरिहा तालाब, वार्ड क्रमांक 03 नया तालाब, वार्ड क्रमांक 04 जूना तालाब, वार्ड क्रमांक 5 राम प्रसाद तालाब ,वार्ड क्रमांक 11 हनुमान तालाब , वार्ड क्रमांक 12 घोड़तल्ला तालाब, वार्ड क्रमांक 15 गेड़ी डबरी, अमरिहा तालाब का सौंदर्याकरण करना शामिल किया गया था । यह प्रस्ताव भी पारित हो गया, लेकिन इस पर अमल कितना होगा, यह आने वाला वक्त ही बतायेगा ।

## किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर धरना 26 को

**जांजगीर।** किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर किसान चेतना मंच द्वारा 26 दिसंबर को धरना और रैली का आयोजन किया जाएगा। यह आंदोलन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा और इसका मुख्य स्थल बैरिस्टर भवन से कलेक्टर कार्यालय, जांजगीर तक होगा। रैली के दौरान किसानों द्वारा पुस्तकों और अन्य कृषि-संबंधी समस्याओं पर ज्ञापन प्रशासन को सौंपा जाएगा। आयोजन में लगभग 100 से अधिक लोग शामिल होंगे, जो जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से बस, ट्रक, चारपहिया और दोपहिया वाहन तथा पैदल मार्ग से पहुँचेंगे। आंदोलन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग भी किया जाएगा।

## आकस्मिक मृत्यु पर 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार ग्राम तुर्री निवासी मृतक स्व. गोपाल सिंह कंवर को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने निकटतम वारिस के पत्नी आशा कंवर पति स्व गोपाल सिंह कंवर को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए भुगतान करने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की है।

## दिव्यांग खेलों का हो रहा है आयोजन

**जांजगीर।** जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट खेल तथा कबड्डी खेलों का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विजय पांडे एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देव गढ़वाल विवेक सिसोदिया प्रवीण द्विवेदी पार्षद विवेक सिंह ठाकुर पंकज नायक दीपक यादव की उपस्थिति में हुआ आज खेले गए पहले मैच में कोरबा की टीम ने जांजगीर को 10 विकेट से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया जांजगीर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में एक सौ एक रन बनाकर एक सौ दो रनों को लक्ष्य रखा था जिसे कोरबा की टीम ने आसानी से सात ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत लिया। कल इंस्ट्रूमेंट का फाइनल हाई स्कूल के मैदान पर खेला जाना है कबड्डी खेल का आयोजन बास्केट बाल मैदान में किया गया इस मैच जांजगीर चांपा कोरबा और शक्ति के मध्य खेला जा खेला जा रहा है कल कबड्डी का भी फाइनल मैच खेला जाएगा इस दिव्यांग खेलों का आयोजन समाज कल्याण विभाग एवं जिला दिव्यांग सॉन्ग जांजगीर के द्वारा आयोजन किया जा रहा है इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में फाइटर क्रिकेट क्लब जांजगीर एवं जिला क्रिकेट संघ जांजगीर का विशेष योगदान रहा इस आयोजन को सफल बनाने में राधा कृष्ण गोपाल अनिल राठौर विजय कटक्कार इकबाल अंसारी सावित्री पैग्वार कैलाश जांगड़े राजेश राठौर भूपेश राठौर आशुतोष पांडे अमितेश राठौर दीपक यादव एवं जिला क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा है पूरे मैच की कमेंट्री विवेक सिसोदिया मंच संचालन अनिल राठौर आभार प्रदर्शन राजेश राठौड़ ने किया।

# जमीन प्लांट में अधिग्रहित नहीं फिर भी धरना, दो गिरफ्तार

**जांजगीर।** अकलतरा पुलिस ने जेएसडब्ल्यू प्लांट नरियरा के मेन गेट पर बार-बार धरना-प्रदर्शन कर आवागमन बाधित करने और अवैध रूप से पैसों की मांग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में सामने आया कि आरोपियों के नाम पर प्लांट में कोई भी जमीन अधिग्रहित नहीं हुई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों को गुमराह कर आंदोलन और प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में सत्यप्रकाश निर्मलकर (32) निवासी नरियरा थाना मुलमुला और ज्योति नोरगे (33) निवासी ग्राम रोगदा थाना अकलतरा शामिल हैं।

दोनों के खिलाफ थाना अकलतरा में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि थाना मुलमुला में ठगी का मामला है। 22 दिसंबर को दोनों ने जेएसडब्ल्यू प्लांट के मेन गेट पर धक्का-मुक्की कर जबरन घुसने का प्रयास किया। गार्ड और कर्मचारियों के मना करने पर गाली-गलौज की। दोनों मेन गेट पर बैठ गए और वाहनों का आवागमन बंद करा दिया। इससे प्लांट में मजदूरों और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।जांच में सामने आया कि कंपनी प्रबंधन ने कई बार आरोपियों से बातचीत कर समस्या सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली पर अड़े रहे।

## बलवा-मारपीट में 5 महिला समेत सात आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** बलौदा के ग्राम करहीडीह में बाउंड्री निर्माण को लेकर हुए बलवा-मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच महिला समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार करहीडीह निवासी अंजू कुमारी कुर्रे ने 21 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार धर्मेंद्र कुर्रे, जितेन्द्र कुर्रे, जागेश्वरी कुर्रे, मोगरा कुर्रे, सुमन कुर्रे, पूनम कुर्रे व राजेश्वरी कुर्रे ने बाउंड्री बनाने की बात को लेकर विवाद किया था। आरोपियों ने अंजू, पति करन कुर्रे व अन्य से गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का, लाठी-ब्लेड से मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 191(2), 296, 351(2), 115(2), 118(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया था। जांच के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों के अपराध कबूल करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

## ग्राम भवरमाल में श्रीमद्भागवत के शुभारंभ पर निकाली गई कलशयात्रा

**जांजगीर।** ग्राम भवरमाल में छेदीबाई बरेठ की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर गांव के बस्तीपारा, माताचौरा एवं नयातालाब पहुंची, जहां लगभग 200 महिला एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर जल भरा।इसके बाद डीजे, बाजा-गाजा के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए शोभायात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। कथावाचक पं. नागेंद्र पुरुषोत्तम प्रसाद चतुर्वेदी द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का रसपूर्ण एवं भावविभोर वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान उर्मिला बाबूलाल बरेठ रहीं। सहयोगी यजमानों में ऐश्वर्या कमलकिशोर बरेठ, दुर्गेश्वरी नंदकिशोर बरेठ, वर्षा विमल किशोर बरेठ, प्रभा हर्षकांत शामिल रहे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट, सिंघीतराई, जिला-सक्ती (छ.ग.) (पूर्व में एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड) के स्वामित्व का मूल विक्रय विलेख क्र. 1345 दिनांक 18 मार्च , 2009, खसरा नंबर 127/1, ग्राम कठर्रापाली कहीं गुम हो गया है। यदि उक्त विक्रय विलेख किसी व्यक्ति को प्राप्त होता है तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास कृपया दस्तावेज जमा करा दें तथा वर्तमान में इस भूमि से संबंधित किसी भी तरह का क्रय-विक्रय किसी अन्य व्यक्ति द्वारा करना पाया जाता है तो वह पूर्णतया विधि विरुद्ध एवं शून्य होगा।

प्रमुख-प्रशासन
वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़
थर्मल पावर प्लांट

## अनमोल वचन......

जिस दुनिया की आपने चाहत की है, उसे जीता जा सकता है, वह मौजूद है, वह वास्तविक है, वह संभव है, वह आपकी है।

# आधी रात संसद चलाने का चस्का

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को आधी रात तक या उसके बाद भी संसद चलाने का चस्का लग गया है। बहुत पहले आधी रात को संसद का सत्र बुला कर वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी कानून पास किया गया था। यह 2017 की बात है। उसके बाद इस साल यानी 2025 में सरकार ने कम से कम तीन दिन आधी रात के बाद तक चर्चा कराई और विधेयक पास किए। ताजा मामला महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना यानी मनरेगा की जगह विकसित भारत जी राम जी बिल का है। संसद में इसे सरकार ने अचानक मंगलवार को पेश कर दिया। विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं था। उसे अंदाजा ही नहीं था कि सरकार इस तरह का बिल ला रही है। तभी बिल पेश होने के बाद विपक्ष ने इसे संसदीय समिति को भेजने को कहा। जब सरकार तैयार नहीं हुई तो एक दिन बाद बुधवार को इस पर चर्चा की मांग हुई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। बुधवार को भी सरकार ने पहले परमाणु ऊर्जा बिल पेश कर दिया, जिस पर साढ़े पांच बजे तक चर्चा हुई और पास किया गया। उसके बाद शाम पांच बज कर 40 मिनट पर जी राम जी बिल पर चर्चा शुरू हुई, जो रात दो बजे तक चली। अगले दिन गुरुवार को दिन में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस पर जवाब दिया और बिल पास किया गया। पास होने के तुरंत बाद इसे राज्यसभा में पेश किया गया और वहां भी चर्चा शुरू हुई, जो रात 12 बजे तक चली। 12 बजे से कुछ मिनट बाद इसे राज्यसभा ने पास किया।

इससे पहले संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में दो अप्रैल को वक्फ बिल पर आधी रात के बाद वोटिंग हुई। इस बिल पर रात दो बजे तक चर्चा हुई और उसके बाद इस बिल को पास किया गया। इतना ही नहीं दो बजे वक्फ बिल पास होने के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को मंजूरी देने वाला प्रस्ताव पेश किया गया। उस पर आधे घंटे की चर्चा हुई और फिर 10 मिनट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया और तब बिल को तीन बजे के करीब पास किया गया। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने शीतकालीन सत्र छोटा ही रखा फिर भी 15 बैठकें थीं। वह पहले भी बिल ला सकती थी। लेकिन जान बूझकर देर से बिल लाया गया और हड़बड़ी में चर्चा करके इसे पास कराया गया।

## राशिफल

मेष राशिः आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा, आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

वृष राशिः आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

कर्क राशिः आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिन्दगी में आज नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन खुशियां लाएगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे, जिससे आपको कुछ राहत मिले। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नई दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। अन्न धन में बढ़ोतरी होगी। आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नई दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका समय अपनों के साथ अच्छा बीतेगा।

धनु राशिः आज का आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यावसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों तथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

मकर राशिः आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

कुम्भ राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

# भारत के नए मुक्त व्यापार समझौते से खेत से लेकर कारखाने तक रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी

//पीयूष गोयल //

**भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है - यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है।**

प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत-प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य-शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा। भारत ने अपनी बाजार पहुँच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगार और एक सुव्यवस्थित कार्य-अवकाश (वर्किंग-हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है।

एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।प्रधानमंत्री मोदी का विज़न स्पष्ट हैः भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफटीए इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा।

महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें और किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क-कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफटीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं। विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच-समझकर और धीरे-धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफटीए देशों - स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन - के साथ हुए एफटीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है। न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता - अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये - एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है। इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा। यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि हैः यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में - मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक - अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं।

भारत-न्यूजीलैंड एफटीए भारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण हैः विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं। मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन-देन नहीं हैं–ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेषकर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014 के कमजोर पांच में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है।

आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जाएं, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों। भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियाँ अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं तथा छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है।भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है। वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करके और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे-जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं, यह एफटीए दिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव-केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है।

# सुशासन, संवेदना और सुरक्षा : श्रमिक हित में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष

//छगनलाल लोन्हारे//

**सुशासन केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संकल्पबद्ध प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन का श्रम विभाग विगत दो वर्षों में इसी सुशासन की भावना को धरातल पर साकार करता हुआ दिखाई देता है। इस अवधि में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने तथा उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम उठाए गए हैं।**

विष्णु के सुशासन की स्पष्ट झलक श्रम विभाग द्वारा अपनाए गए डिजिटल नवाचारों में दिखाई देती है। प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त नस्तियों का संधारण ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विभागीय योजनाओं और सेवाओं को आमजन के लिए सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु एक आधुनिक, यूज़र-फ्रेंडली विभागीय वेबसाइट विकसित की गई है। श्रमिकों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए तैयार किया गया 'श्रमेव जयते' मोबाइल ऐप श्रमिक पंजीयन, योजनाओं में आवेदन तथा श्रमिक पलायन की ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, जो डिजिटल सुशासन की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

राज्य के नवगठित जिलों तक श्रम विभाग की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पाँच नवीन श्रम पदाधिकारी कार्यालयों की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के दौरान श्रमायुक्त संगठन अंतर्गत श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के पदों पर कुल 32 नई नियुक्तियाँ की गईं। इन प्रयासों से न केवल विभागीय कार्यों में गति आई, बल्कि श्रमिकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ भी सुनिश्चित हुईं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रम कानूनों में आवश्यक और संतुलित सुधार करते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और श्रमिक हितों के मध्य सामंजस्य स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 2017 के प्रभावी क्रियान्वयन से छोटे व्यापारियों को राहत मिली, वहीं नियत कालिक नियोजन कर्मकार की नई श्रेणी ने रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले। राष्ट्रपति की अनुमति के उपरांत लागू किए गए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन एवं विविध प्रावधान विधेयक, 2025 के माध्यम से अवैधानिक हड़ताल पर नियंत्रण, छोटे अपराधों में समझौते तथा लघु उद्योगों को छूट जैसे प्रावधान किए गए। महिला सशक्तिकरण की दिशा में रात्रि पाली में महिला कर्मकारों के सशर्त नियोजन की अनुमति देना सरकार की प्रगतिशील और संवेदनशील सोच को दर्शाता है।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की मानवीय प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। विभिन्न श्रम मंडलों के माध्यम से दो वर्षों में 11.03 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 27.33 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवधि में 784.73 करोड़ रुपये से अधिक की राशि श्रमिक कल्याण पर व्यय की गई, जो यह दर्शाती है कि यह सरकार आंकड़ों से आगे बढ़कर संवेदना के साथ श्रमिकों के जीवन में बदलाव ला रही है। 24म7 संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र ने शिकायत निवारण और पंजीयन प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया है। वहीं प्रत्येक जिले और विकासखंड में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों ने प्रशासन को सचमुच श्रमिकों के द्वार तक पहुँचाया है। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन में स्व-घोषणा प्रमाण पत्र की व्यवस्था ने प्रक्रियाओं को सरल किया, जबकि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के माध्यम से सैकड़ों श्रमिक परिवारों को अपने पक्के आवास का सपना साकार करने में सहायता मिली। मिनीमाता महतारी जतन योजना एवं असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के अंतर्गत लाखों महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता प्रदान की गई, जिससे मातृत्व सुरक्षा को नया संबल मिला। श्रमिक परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग, छात्रवृत्ति, मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन तथा नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना जैसी पहल ने शिक्षा के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत मात्र पाँच रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सुशासन की मानवीय और संवेदनशील आत्मा को दर्शाता है। केन्द्रीकृत डीबीटी प्रणाली के माध्यम से करोड़ों रुपये सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए, जिससे पारदर्शिता, विश्वास और समयबद्धता सुनिश्चित हुई। यह व्यवस्था भ्रष्टाचार-मुक्त और जवाबदेह शासन की मजबूत आधारशिला है।सुशासन दिवस के अवसर पर श्रम विभाग की यह दो वर्षीय यात्रा इस बात का सशक्त प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन केवल नीतियों और घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह श्रमिकों के जीवन में वास्तविक, सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने का माध्यम बन चुका है। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की सक्रिय भूमिका, संवेदनशील दृष्टिकोण और निरंतर निगरानी ने इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया है। डिजिटल नवाचार, संवेदनशील कानून, सामाजिक सुरक्षा और मानवीय सोच के साथ श्रम विभाग ने छत्तीसगढ़ को एक श्रमिक-हितैषी, सशक्त और समावेशी राज्य बनने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया है।

## भारत को ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानता अमेरिका

ट्रंप प्रशासन की नई सुरक्षा रणनीति में चीन का मुकाबला करने लिए अमेरिका को तैयार करने पर खासा जोर दिया गया है। मगर ऐसा लगता है कि इस मकसद को हासिल करने में अमेरिका अब भारत को ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानता। चर्चा तो काफी समय से थी, लेकिन अब इसकी औपचारिक घोषणा हो गई है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने अपनी नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति जारी की है, जिसमें पहली प्राथमिकता पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिकी प्रभाव को सुरक्षित करने को दी गई है। हालांकि चीन का आर्थिक एवं रणनीतिक रूप से मुकाबला करना अभी अमेरिका की प्रमुख नीति रहेगी, मगर पश्चिमी गोलार्द्ध यानी लैटिन अमेरिका और कैरीबियन द्वीप-समूह में अमेरिकी वर्चस्व को पुनर्स्थापित करना ट्रंप प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। जाहिर है, इस लक्ष्य के अनुरूप अमेरिका ने अपनी फौरी और दीर्घकालिक रणनीतियों में बदलाव का इरादा जताया है। इससे सबसे बुरी तरह प्रभावित यूरोप और भारत होंगे।

ट्रंप के पहले कार्यकाल में 2017 में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भारत को अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में प्रमुख स्थान दिया गया था। कहा गया था। हम भारत के एक अग्रणी वैश्विक शक्ति और मज़बूत रणनीतिक एवं रक्षा साझेदार के रूप में उभरने का स्वागत करते हैं। इसके विपरीत ताजा दस्तावेज में केवल यह कहा गया है कि अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक (एवं अन्य) संबंधों में सुधार जारी रखना चाहिए, ताकि वह इंडो-पैसिफिक सुरक्षा में योगदान दे सके। पूरे दस्तावेज़ में क्वाड का केवल एक बार संक्षिप्त उल्लेख हुआ है। जबकि इस समूह के साथ जुड़ाव को अमेरिकी रणनीति में भारत के बढ़े महत्त्व के साथ जोड़कर देखा जाता था। 2017 की रणनीति के उलट नए दस्तावेज़ में पाकिस्तान पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है। दस्तावेज में चीन के बरक्स अमेरिका की बढ़ती गई कमजोरियों का उल्लेख है और उसका मुकाबला करने लिए अमेरिका को तैयार करने पर खासा जोर दिया गया है। मगर ऐसा लगता है कि इस मकसद को हासिल करने में अमेरिका अब भारत को ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं मानता। उधर अमेरिका की नई रणनीति में यूरोप का महत्त्व भी घटा है।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



उत्तर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



आईबी शताब्दी एंडोमेंट लेक्चर के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (डीआईबी) के डायरेक्टर तपन कुमार डेका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देख रहे हैं।



जम्मू में शिवसेना और डोगरा फ्रंट के सदस्यों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली के गीता कॉलोनी में एक्यूआई बढ़ने के बाद, धूल के कणों को बिठाने के लिए एक एंटी-स्मॉग ट्रक धुंध का छिड़काव कर रहा है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी कोलंबो यात्रा के दौरान श्रीलंका के प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की।



जापान में भारत की राजदूत नामित नगमा एम. मलिक ने टोक्यो में भारतीय दूतावास में वाकायामा प्रीफेक्चुरल फ्रेंडशिप प्रमोशन ग्रुप से मुलाकात की।

## हाथों में अपनों के जले शव, रोते हुई बोले हमारा तो अब सब कुछ ही हो गया खत्म...



**मथुरा, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कानपुर के अली अब्बास के जीवन में शायद इससे बुरा दिन कभी नहीं आया होगा। पोस्टमार्टम हाउस पर दो बाडी बैग में पूरी तरह जल चुके पिता सलीम रिजवी का पार्थिव शरीर था। बैग को थामते हाथ कांपने लगे। कभी नहीं सोचा था कि पालनहार का शव इस तरह मिलेगा। साथ लाए ताबूत में पिता के दो भागों में बंटे अवशेष रखे। हाथ लगाते ही अवशेष भी राख की तरह झरने लगे। यह देख आंखें नम हो गईं। यमुना एक्सप्रेसवे हादसे में मारे गए लोगों के स्वजन अपनों का शव पाने के लिए आठ दिन से इंतजार कर रहे थे।स्वजन के आंसू भी रात-दिन रोते-रोते शायद सूख गए। सोमवार रात पुलिस ने अली अब्बास को खबर दी कि उनके पिता के डीएनए की जांच हो गई। रात में ही कानपुर से निकल लिए। सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए थे।आजमगढ़ के गांव इटौरा बुजुर्ग टंडवा जलाल आलापुर निवासी सुनील 24 वर्ष से संविदा चालक थे। भाई सुभाष ने बताया कि सोमवार रात 11 बजे उनके पास मथुरा से फोन आया। फोन की घंटी बजते ही अहसास हो गया कि हादसे में भाई भी खत्म हो चुका है। भाभी अनीता को बताकर वह स्वजन के साथ मथुरा पहुंच गए और शव लेकर वापस रवाना हो गए।चंदौसी के हयातनगर जैरोई निवासी पंकज लक्ष्मी होलीडेज की बस चलाते थे। इसी गांव के दूसरे चालक सत्यजीत और हेल्पर प्रमोद भी उसी बस में थे। हादसे में पंकज बस की स्टेयरिंग में फंस गए। वह आग में फंसे तो सत्यजीत और प्रमोद भाग गए। भाई के शव को ले जाते सुभाष कांपते हुए कहा, पहले विश्वास नहीं हो रहा था, अब पक्का हो गया कि भाई अब इस दुनिया में नहीं रहा। कानपुर के सेवा ग्राम कालोनी राधा नगर निवासी अनुज श्रीवास्तव इवेंट मैनेजमेंट का काम करते थे। सामान लेने के लिए कर्मचारी सोनू वर्मा के साथ 15 दिसंबर को दिल्ली के लिए निकले थे। भाई शुभम श्रीवास्तव ने बताया कि भाभी से भाई की आखिरी बात रात 10 बजे हुई थी। पिता उमाकांत और मां लक्ष्मीकांत का डीएनए से मिलान हो गया है, लेकिन अभी भी विश्वास नहीं है कि भाई इस दुनिया में नहीं रहे। हमीरपुर के बरुआ गांव निवासी शैलेंद्र दिल्ली के आरटीओ कार्यालय में प्राइवेट काम करते थे।

वह दिल्ली में पत्नी रचना उर्फ किरण व बच्चों के साथ रहते थे। भाई नरेंद्र ने बताया कि जहां से टिकट बनवाया था, उसने ही फोन पर जानकारी दी कि बस का सड़क हादसा हो गया है। इसके बाद उन्होंने शैलेंद्र की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।इटावा के फ्रेंड्स कालोनी आजाद नगर निवासी सलीम नोएडा में एक एक्सपोर्ट कंपनी में सिलाई का काम करते थे। बेटे कलीम ने बताया कि दादा की तबीयत खराब थी। उन्हें देखने के बाद 15 दिसंबर की रात वापस दिल्ली जा रहे थे।मूल रूप से जालौन के कुठाउट अहीर निवासी 30 वर्षीय राघवेंद्र गाजियाबाद के मोहन नगर अर्थला गांव में भाई अनिरूद्ध संग परिवार के साथ किराए पर रहते थे। यहां पर फुटवेयर की दुकान करके दोनों भाई संभालते थे। भाई अनिरुद्ध ने बताया कि राघवेंद्र माता-पिता से मिलने के लिए गांव गए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया।

## सरकारी जमीन घोटालाः एसीबी ने विनय सिंह और विजय प्रताप सिंह के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट




**हजारीबाग, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अवैध तरीके से सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री मामले में फंसे विनय सिंह के विरुद्ध एसीबी ने मंगलवार को कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया है। अनुसंधानकर्ता द्वारा यह आरोप पत्र अपर न्यायाधीश द्वितीय सह विशेष न्यायालय (निगरानी) आशा रानी भट्ट के न्यायालय में भ्रष्टाचार निवारण वाद संख्या 11/2025 के तहत दायर किया गया है।वहीं एसीबी कांड संख्या 9/25 में एसीबी ने आरोपित एवं जेल में बंद विजय प्रताप सिंह के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की है। इसमें भारतीय दंड विधान की धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) तथा 13(2) के तहत आरोप लगाए गए हैं। बताया गया कि इस मामले में अवैध रूप से सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री के आरोप में पूर्व आईएएस विनय चौबे, महिंद्रा शोरूम के मालिक विनय सिंह, तत्कालीन अंचल अधिकारी शैलेश कुमार, तत्कालीन अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, तत्कालीन राजस्व कर्मचारी राम प्रकाश चौधरी, तत्कालीन राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार वर्मा सहित 68 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।इस मामले के सूचक पुलिस उपाधीक्षक सुमित सौरभ लकड़ा तथा कांड संख्या 9/25 के सूचक पुलिस उपाधीक्षक किशोर कुमार रजक हैं। उन्होंने अपने बयान में बताया कि आवेदक त्रिपुरारी सिंह (पत्रकार) द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड को शिकायत आवेदन दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि भूदान, वन भूमि, गोचर, गैर मजरूआ आम एवं खास जैसी सरकारी जमीनों को भूमि माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से हासिल किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट से विनय कुमार सिंह को 19 दिंसबर को जमानत मिली है।

23 दिसंबर को आदेश पहुंचा और इससे पहले की जमानत पत्र पर हस्ताक्षर कराकर विनय सिंह की जमानत कराई जाती, इससे पूर्व पूछताछ के नाम पर विनय सिंह को एसीबी रांची ले गई। जिसे कोर्ट ने आदेश की अवहेलना माना है।

वहीं विनय सिंह की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने कहा कि वे इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और बताएंगे कि किस प्रकार कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट से विनय सिंह को 11/25 में जमानत मिली थी और 23 दिसंबर को हजारीबाग में जमानत की प्रक्रिया पूरी की जानी थी। हालांकि बताया कि कोर्ट ने इस मामले में ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए बिना जमानत पत्र जमा किए 50 हजार रुपए के सिक्योरिटी लेकर जमानत प्रदान की है।पूरे प्रकरण में विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह के खिलाफ वारंट लेने कोर्ट पहुंची एसीबी टीम को न्यायालय ने वारंट देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने एसीबी के आवेदन को खारिज कर दिया है।

## सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का कर रहे थे प्रदर्शन, दिल्ली पुलिस ने 12 युवकों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर खुलेआम अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर लोगों को डराने की कोशिश करने वाले 12 युवकों को मध्य रेंज की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई युवाओं को अपराध की शुरुआती सीढ़ी पर जाने से रोकने और अवैध हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के उद्देश्य से की गई है। इनमें नौ युवकों को उत्तरी जिला और तीन युवक को मध्य जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया।सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए अधिकतर युवक 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के हैं, जो पिस्टल, कट्टा, चाकू, बंदुक और तलवार जैसे हथियारों के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे थे। जांच में सामने आया है कि ये सभी हथियार अवैध रूप से हासिल किए गए थे।संयुक्त आयुक्त मध्य रेंज मधुर वर्मा के मुताबिक उत्तरी जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए युवकों के नाम अमित सिंह, गौरव थापा, विशाल गुप्ता उर्फ हेमंत, रोहित, सुजल व हथियार सप्लायर अरुण उर्फ प्रधान, अभिषेक और मयंक राजपूत है। हथियार आपूर्ति करने वाले इन तीन आरोपितों के खिलाफ अलग से एफआइआर दर्ज की गई है। वहीं मध्य जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए युवकों के नाम युग, तनिश और राज है। एक मामले में पुलिस ने मनीष उर्फ चमन को भी गिरफ्तार किया है, जिसके पास से दो कारतूस बरामद किए गए।

## साउथ की फिल्म देख क्यूआर में छेड़छाड़ कर ठगी करने वाला गिरफ्तार, AI का इस्तेमाल करता था 10वीं पास शातिर

**नईदिल्ली, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बीते वर्ष रिलीज हुई वेट्टैयन नामक साउथ इंडियन फिल्म में दिखाया गया था कि कैसे एक किरदार क्यूआर कोड में हेरफेर कर धोखे से पैसे ठगता है। फिल्म के उस किरदार से प्रेरणा लेकर एक आरोपित ने जुर्म की दुनिया में कदम रखा और क्यूआर कोड से छेड़छाड़ कर ठगी करने लगा।उसे उत्तरी जिले की साइबर थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान राजस्थान, जयपुर के मनीष वर्मा के रूप में हुई है। पुछताछ में पुलिस तब हैरान रह गई जब पता चला कि आरोपित केवल 10वीं पास है और बिना किसी तकनीकी शिक्षा लिए वह अकेले ही वारदात को अंजाम दे रहा था। आरोपित मोबाइल-आधारित इमेज-एडिटिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल करके असली मर्चेंट क्यूआर कोड को एडिट करता था, जिसमें मर्चेंट के बैंक अकाउंट की डिटेल्स को अपने अकाउंट से बदल देता था जिससे कारोबारी के पास रकम पहुंचने के बजाए उसके अकाउंट में ट्रांसफर हो जाती थी। उसके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिसमें सौ से अधिक एडिट किए गए और ओरिजिनल क्यूआर कोड, चैट,



स्क्रीनशाट और फाइनेंशियल रिकार्ड मिले हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह अब तक कितने लोगों से इस तरह की ठगी कर चुका है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, 13 दिसंबर को शिकायतकर्ता महिला ने चांदनी चौक में एक जानी-मानी कपड़ों की दुकान से 2.50 लाख का लहंगा खरीदा था। इस दौरान उसने दुकानदार द्वारा दिखाए गए क्यूआर कोर्ड को स्कैन करके 90 हजार और 50 हजार की आनलाइन पेमेंट की। इसके बाद दुकानदार ने बताया कि रकम उनके पास नहीं आई है। पीड़िता ने उसे पेमेंट का स्क्रीनशाट भी दिखाया, लेकिन पेमेंट दुकानदार को नहीं मिली थी।इसके बाद महिला ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान टीम ने दुकान की जगह का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और बिलिंग और डिजिटल पेमेंट प्रोसेस को वेरिफाई किया।

बिलिंग साफ्टवेयर, मैनुअल बैंक रजिस्टर और ट्रांजैक्शन रिकार्ड का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया और मौखिक और दस्तावेजी सबूतों की पुष्टि के माध्यम से घटना की टाइमलाइन को फिर से बनाया गया।साथ ही, एक डिटेल यूपीआइ ट्रांजैक्शन ट्रेल एनालिसिस किया गया, जिससे पता चला कि शिकायतकर्ता का पेमेंट एक अनजान बैंक अकाउंट में डायवर्ट कर दिया गया था। जांच में पता चला कि 1.40 लाख की ठगी की गई रकम राजस्थान से आपरेट होने वाले एक बैंक अकाउंट में क्रेडिट की गई थी।

## युवक ने घर में घुसकर किया दुष्कर्म पंचों ने दोनों का करा दिया निकाह

**फिर पति ने रिश्तेदारों संग मिलकर किया सामूहिक बलात्कार**



**पाकबड़ा।** घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक के दुष्कर्म पीड़ित का निकाह पंचों द्वारा करवाने का फैसला गलत साबित हुआ। पंचों के दबाव में निकाह करने के दो दिन बाद ही विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जबरन पति और रिश्तेदारों ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया। बाद में मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। एसएसपी ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। पाकबड़ा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक इसी साल 26 नवंबर को गांव की ही एक युवती को अकेला देख घर में घुसकर दुष्कर्म किया था। इसी बात युवती के स्वजन आ गए थे। युवक धमकी देकर भाग गया था। अगले दिन गांव में पंचायत बैठ गई थी। पंचायत ने दोनों का निकाह करने का फैसला सुना दिया। इसके बाद दोनों का निकाह करा दिया गया था। पीड़ित ने मंगलवार को एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए शिकायती पत्र में बताया कि निकाह के दूसरे दिन ही ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट करने लगे। इसी बीच पति ने अपने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर दुष्कर्म किया।विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि 13 दिसंबर को फिर से मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। शिकायती पत्र के माध्यम से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## बिहार रेजिमेंटः शौर्य और बलिदान की अमर गाथा, द्वितीय विश्वयुद्ध से गलवान तक गूंजा बजरंगबली की जय

**पटना, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारतीय सेना की बिहार रेजिमेंट केवल एक सैन्य इकाई नहीं, बल्कि शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल है। इस रेजिमेंट की जड़े ब्रिटिश इंडियन आर्मी से जुड़ी हुई हैं। गुलामी के काल से ही इस रेजिमेंट के सैनिकों ने अपने शौर्य का जौहर रणभूमि दिखाते चले आ रहे हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम बिहार रेजिमेंट के इतिहास के बारे में जानेंगे कि इस रेजिमेंट की शुरूआत कब और कैसे हुई। शुरुआती दौर में इस सैन्य इकाई को बिहार रेजिमेंट के नाम से नहीं जाना जाता था। इसका गठन 1941 में ब्रिटिश भारतीय सेना के हिस्से के रूप में हुआ था, जब 11वीं (प्रादेशिक) बटालियन, 19वीं हैदराबाद रेजिमेंट का नियमितीकरण किया गया और नई बटालियनें बनाई गईं।बिहार रेजिमेंट का द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बिहार रेजिमेंट की पहली बटालियन का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल जे. आर. एच. ट्वीड ने किया। वे भारतीय सेना की बिहार रेजिमेंट की प्रथम बटालियन के पहले कमांडिंग ऑफिसर थे। इसी काल में रेजिमेंट ने अपनी अलग पहचान और प्रतिष्ठा स्थापित की।बिहार रेजिमेंट का औपचारिक गठन 1 नवंबर, 1945 को आगरा में लेफ्टिनेंट कर्नल आर.सी. म्यूलर द्वारा किया गया था, इसका सेंटर दानापुर में स्थापित किया गया था। दानापुर छावनी की स्थापना साल 1765 में हुई थी। यह भारत की दूसरी सबसे पुरानी छावनी मानी जाती है। गौरतलब है कि देश की सबसे पुरानी छावनी पश्चिम बंगाल की बैरकपुर कैंटोनमेंट है।1971 के भारत-पाक युद्ध में बिहार रेजिमेंट की 10वीं बटालियन को पूर्वी पाकिस्तान में अखौरा पर कब्जा करने जैसा बेहद कठिन मिशन सौंपा गया। तेज और निर्णायक हमले में रेजिमेंट ने अखौरा पर नियंत्रण स्थापित किया। यह जीत रणनीतिक रूप से अहम साबित हुई और ढाका की ओर भारतीय सेना की बढ़त का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस साहसिक कार्रवाई के लिए रेजिमेंट को अखौरा थिएटर ऑनर से सम्मानित किया गया।1999 के कारगिल युद्ध में दुश्मन बाटालिक सेक्टर की ऊंची पहाड़ियों पर काबिज था। बिहार रेजिमेंट ने कठिन परिस्थितियों में जुबर हिल और प्वाइंट 4268 जैसे महत्वपूर्ण ठिकानों को एक बार फिर अपने नियंत्रण में लिया। इस दौरान मेजर मरियप्पन सरवनन ने अग्रिम मोर्चे पर नेतृत्व करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। रेजिमेंट को उनकी वीरता के लिए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यूनिट सिटेशन से सम्मानित किया गया।15 जून 2020 को गलवान घाटी में बिहार रेजिमेंट ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। कर्नल बी. संतोष बाबू के नेतृत्व में रेजिमेंट ने चीनी सैनिकों का डटकर सामना किया। भीषण हाथापाई में कर्नल बाबू सहित रेजिमेंट के 12 जवान शहीद हुए, जबकि कुल 20 भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। हालांकि, दुश्मन को भारतीय सीमा में एक इंच भी आगे बढ़ने नहीं दिया गया। बिहार रेजिमेंट मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और ओडिशा क्षेत्र की वीर परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है, हालांकि भारतीय सेना की जनरल भर्ती के माध्यम से देश का कोई भी नागरिक इसमें शामिल हो सकता है। रेजिमेंट के प्रमुख बैटल ऑनर्स में हाका, गंगाव, अखौरा और बाटालिक शामिल हैं, जबकि थिएटर ऑनर्स में बर्मा, ईस्ट पाकिस्तान 1971 और कारगिल दर्ज हैं।

## फर्जी मैट्रिमोनियल रैकेट का पर्दाफाशः कॉल सेंटर में बैठी युवतियां देती थीं झांसा, 1500 युवकों से लाखों की ठगी



**ग्वालियर।** शादी का सपना दिखाकर ठगी करने वाले एक बड़े फर्जी मैट्रिमोनियल गिरोह का ग्वालियर पुलिस ने खुलासा किया है। 'यूनिक रिश्ते' और 'माय पार्टनर इंडिया' नाम की मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स के जरिए देशभर के कुंवारे युवकों को निशाना बनाया जा रहा था। थाटीपुर क्षेत्र में संचालित दो कॉल सेंटरों से यह पूरा फर्जीवाड़ा चल रहा था, जहां बैठी युवतियां ही फोन पर बात कर लोगों को शादी का झांसा देती थीं। अब तक करीब 1500 युवकों से ठगी किए जाने का खुलासा हुआ है, जिनमें मध्य प्रदेश के साथ अन्य राज्यों के पीड़ित भी शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह गूगल, इंस्टाग्राम और फेसबुक से सुंदर युवतियों और मॉडल्स की तस्वीरें डाउनलोड कर संभावित दूल्हों को भेजता था। बातचीत आगे बढ़ाने और मोबाइल नंबर साझा करने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस वसूली जाती थी।

कॉल सेंटर में काम करने वाली युवतियां कुछ दिन तक पीड़ितों से नियमित बातचीत करती थीं और फिर सोच नहीं मिल रही जैसे बहानों का सहारा लेकर संपर्क तोड़ देती थीं। एसएसपी धर्मवीर सिंह के मुताबिक, ठगी की शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने थाटीपुर के मयूर नगर क्षेत्र में छापेमारी की। यहां पीतांबर त्रिपाठी के मकान में किराये पर कॉल सेंटर चलाया जा रहा था, जिसका संचालन तिलेश्वर उर्फ दिनेश पटेल कर रहा था। वहीं, करीब एक किलोमीटर दूर द्वारिकाधीश मंदिर के पास एक अपार्टमेंट के फ्लैट से दूसरा कॉल सेंटर संचालित हो रहा था।

## ईडी ने कोर्ट में पेश की चार्जशीट, कांग्रेस नेता गोलू को माना 400 करोड़ के सट्टेबाजी नेटवर्क का मास्टरमाइंड, दुबई से जुड़े हैं तार

**इंदौर, 24 दिसम्बर [एजेंसी]।**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी शहर अध्यक्ष और पूर्व पार्षद विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री को इसका मुख्य सरगना बताया है। ईडी ने सोमवार को स्पेशल कोर्ट में पेश चार्जशीट में दावा किया कि यह पूरा सट्टेबाजी नेटवर्क देश के कई राज्यों के साथ-साथ दुबई तक फैला हुआ था और इसके जरिए बड़े पैमाने पर क्रॉस-बॉर्डर मनी लॉन्ड्रिंग की गई।ईडी की प्रारंभिक जांच वर्ष 2021 में मुंबई में दर्ज अवैध सट्टेबाजी से जुड़े एक एफआईआर के बाद शुरू हुई थी। इसके बाद 2024 में ईडी ने अग्निहोत्री के ठिकानों पर छापेमारी की। जांच का दायरा लगातार बढ़ता गया और 2025 तक मुंबई, अहमदाबाद और चेन्नई सहित कई शहरों में कार्रवाई की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, नेटवर्क के तार सीधे दुबई से जुड़े पाए गए हैं। चार्जशीट में ईडी ने खुलासा किया है कि अवैध कमोडिटी एक्सचेंज, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और फर्जी वेबसाइटों के जरिए कुल 404.46 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई। इस मामले में गोलू अग्निहोत्री के साथ तरुण श्रीवास्तव और श्रीनिवास रामासामी को उसका करीबी सहयोगी बताया गया है। तरुण श्रीवास्तव लेन-देन संभालता था, जबकि श्रीनिवास रामासामी फर्जी ट्रेडिंग के लिए सर्वर में तकनीकी हेरफेर करता था। इसके अलावा धवल देवराज जैन, धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी और निधि चांदनानी को भी इस सट्टेबाजी सिंडिकेट का हिस्सा बताते हुए आरोपी बनाया गया है।ईडी के मुताबिक, आरोपी वी मनी, लोटसबुक247, 8स्टॉकहाइट और 11 स्टार जैसे अवैध ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म चला रहे थे। सट्टे का अधिकांश कारोबार नकद में होता था, जबकि फर्जी बैंक खातों के जरिए रकम को इधर-उधर किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि 'बुल कैपिटल' नाम की एक फर्जी कंपनी और आरोपी निधि चांदनानी ने दुबई के रास्ते इस काली कमाई को चैनलाइज करने में अहम भूमिका निभाई।मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत मिलने के बाद ईडी ने आरोपियों की संपत्तियां अटैच करने की कार्रवाई भी की है।

हालांकि, ईडी के अनुसार अब तक कुल अवैध कमाई के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत मूल्य की ही संपत्ति अटैच की जा सकी है। एजेंसी ने 28.60 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति, 3.83 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और बैंक खातों में जमा 1.83 करोड़ रुपये सहित कुल 34.26 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। इसके अलावा छापेमारी के दौरान अलग-अलग ठिकानों से 5.21 करोड़ रुपये नकद, 59.9 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां, 100 ग्राम सोने के बिस्किट, कीमती घड़ियां और करीब 41 लाख रुपये मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी भी जब्त की गई है।

## 6 साल से एक्सपायरी फूड प्रोडक्ट्स की री-पैकेजिंग कर बेच रहा था मास्टरमाइंड, आप भी तो नहीं खा रहे जहर?



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक्सपायरी फूड प्रोडक्ट्स की री-पैकेजिंग कर उन्हे कम दाम पर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़े खुलासे करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कई लोग मिलकर नकली और एक्सपायर्ड प्रोडक्ट्स बेचने का रैकेट चला रहे थे, कहीं आप अभी भी तो ये जहर नहीं खा रहे हैं। अतल जायसवाल, सदर बाजार का बड़ा थोक व्यापारी है। इसके सदर बाजार में दो गोदाम हैं। शिव कुमार, बिश्वजीत धारा व विनोद इसके यहां बतौर सीनियर मैनेजर काम कर रहे थे। बाकी आरोपित इसके मजदूरों के ठेकेदार हैं। पुलिस का दावा है कि अतल 2019 से विदेशी व भारतीय ब्रांडों के एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की री-पैकेजिंग कर उसे बेचने का धंधा कर रहा था। ओरियो, मिनी ओरियो, ओरियो मिनी बिस्कुट, ओरियो वेफर स्टिक, ओरिया, डच कोको वेफर, बिस्काफ बिस्कुट, पाकी चाकलेट स्टिक, मैकविटिज निबल्स, टीयूसी बिस्कुट, रिट्ज, हेलो पांडा, मेइजी, वीटबिक्स, केलाग्स फ्रास्टीज।

फैंटा, फैंटा रेड, फैंटा ज़ीरो शुगर, फैंटा कैन लीची, फैंटा, अनानास कैन, एरिजोना, माउंटेन ड्यू, कोका-कोला, ओरिजिनल टेस्ट, कोका-कोला जीरो, मिरांडा सोडाकेम, 7अप टापिकल, कैन, डॉ. पेपर ब्लैकबेरी कैन, स्नैपल ड्रिंक, स्नेपेल कैरिनो ड्रिंक, प्राइम लेमन लाइम, ट्रापिकल स्किटल ड्रिंक, लिप्टनकोम्बुचा स्ट्राबेरी मिंट, लिप्टन कोम्बुचा मैंगो पैशन फ्रूट, लिप्टन कोम्बुचा एनर्जी ड्रिंक, सी-4 एनर्जी ड्रिंक, जावा मांस्टर, डबल शाट, ट्रिपल शाट, गैलेक्सी आइस्ड कॉफी, स्टारबक्स कॉफी, कोस्टा काफी, नेस्कैफे कॉफी ओरिजिनल।हेंज केचप, हेंज टोमैटो सूप, हेलमैन्स मेयोनीज एलईए और पेरिन सास, किक्कोमैन सीज़ंड राइस विनेगर, बाचोन आयस्टर सास, केवपी मेयोनीज़, क्राफ्ट पार्मेज़ान चीज पाउडर, स्किपी क्रीमी पीनट बटर, एचपी प्रकार के आयातित सास।



## रिलीज से पहले तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी को बड़ा झटका

बॉलीवुड की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की यह फिल्म इस साल की क्रिसमस रिलीज मानी जा रही है और 25 दिसंबर 2025 को बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। रिलीज से पहले अब फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सेंसर बोर्ड की ओर से यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। यानी अब यह फिल्म 16 साल से कम उम्र के दर्शक माता-पिता की निगरानी में ही देख सकेंगे। यह फैसला फिल्म के कुछ सीन और डायलॉग्स को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बताया जा रहा है कि सेंसर बोर्ड की जांच समिति ने फिल्म में कुल तीन बदलाव करने के निर्देश दिए थे। इनमें सबसे अहम बदलाव एक रोमांटिक सीन से जुड़ा है, जिसे बोर्ड ने जरूरत से ज्यादा बोल्ड मानते हुए छोटा करने को कहा। इसके चलते करीब 15 सेकंड का एक सीन फिल्म से कम कर दिया गया है। हालांकि मेकर्स ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई और तुरंत बदलावों को स्वीकार कर लिया। इसके अलावा, फिल्म के कुछ डायलॉग्स और सबटाइटल्स में इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक शब्दों को भी हटाने या म्यूट करने के निर्देश दिए गए। खास तौर पर फिल्म के सेकंड हाफ में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों और उनके संक्षिप्त रूपों पर सेंसर बोर्ड ने आपत्ति जताई थी। सभी बदलाव पूरे होने के बाद ही फिल्म को सर्टिफिकेट जारी किया गया। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है, जो इससे पहले भी भावनात्मक और हल्की-फुल्की कहानियों के लिए पहचाने जाते रहे हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की केमिस्ट्री, फिल्म का टाइटल और म्यूजिक पहले ही दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट पैदा कर चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कुल लंबाई 2 घंटे 25 मिनट और 41 सेकंड बताई जा रही है। यानी सेंसर कट के बावजूद फिल्म का रनटाइम दर्शकों को पूरी तरह एंटरटेन करने के लिए काफी माना जा रहा है। मेकर्स को उम्मीद है कि यह फिल्म युवा दर्शकों के साथ-साथ फैमिली ऑडियंस को भी सिनेमाघरों तक खींच लाने में सफल रहेगी।

# क्रिसमस पर घर को सजाना है पसंद ? अपनाएं ये आसान तरीके



क्रिसमस का त्योहार दुनिया भर में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों को सजाने के लिए कई तरह के तरीके अपनाते हैं, लेकिन इन सजावट के सामानों को खरीदने के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि घर में रखी कुछ चीजें क्रिसमस सजावट का अहम हिस्सा बन सकती हैं? आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिनसे घर को क्रिसमस के लिए सजाएं।

पुराने पेपर का करें इस्तेमाल

पुराने पेपर जैसे कि गिफ्ट रैपिंग पेपर, मैगजीन या अखबार आदि का इस्तेमाल करके आप अपने घर को क्रिसमस के लिए सजा सकते हैं। आप इन पेपर से क्रिसमस ट्री के लिए गिफ्ट बॉक्स बना सकते हैं या फिर इससे क्रिसमस के लिए गिफ्ट रैपिंग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप इनसे अपने दरवाजे पर क्रिसमस के लिए शुभकामनाएं देने वाले कार्ड भी लगा सकते हैं। यकीन मानिए ये आपके घर को एक अलग ही लुक देंगे।

पुराने कपड़े आएंगे काम

घर में अक्सर कुछ ऐसे कपड़े रखे होते हैं, जिन्हें आप पहनते तो हैं, लेकिन उनकी सिलाई खराब हो जाती है या फिर उनमें छेद हो जाते हैं। ऐसे कपड़ों से आप अपने घर को क्रिसमस के लिए सजा सकते हैं। उदाहरण के लिए आप पुराने कपड़ों से क्रिसमस के लिए शुभकामनाओं वाले कार्ड बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप इनसे गिफ्ट रैपिंग भी कर सकते हैं।

लाइट्स का करें इस्तेमाल

अगर आपके पास पुरानी लाइट्स रखी हुई हैं तो उनका इस्तेमाल करके आप अपने घर को क्रिसमस के लिए सजा सकते हैं। इसके लिए आप अपने घर के बाहर या फिर अंदर की दीवारों पर इन लाइट्स को लगा सकते हैं। आप चाहें तो इन लाइट्स का इस्तेमाल करके क्रिसमस ट्री को भी सजा सकते हैं।

रंग-बिरंगे रिबन बनाएं

क्रिसमस पर गिफ्ट रैपिंग करना आम बात है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि गिफ्ट रैपिंग के साथ-साथ रिबन भी बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए अगर आपके पास अलग-अलग रंगों के रिबन रखे हुए हैं तो उनका इस्तेमाल करके आप अपने घर को क्रिसमस के लिए सजा सकते हैं। उदाहरण के लिए आप रिबन से अपने दरवाजे पर शुभकामनाओं वाले कार्ड लगा सकते हैं।

प्राकृतिक सजावट भी है अच्छा विकल्प

अगर आप प्राकृतिक सजावट करना चाहते हैं तो इसके लिए आप चंदन की लकड़ी, पाइनकोन और सूखे फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सभी चीजों से आप अपने घर पर क्रिसमस के लिए प्राकृतिक खुशबू वाला स्प्रे बना सकते हैं। इसके लिए आपको पहले पाइनकोन और सूखे फूलों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लेना होगा, फिर उसमें चंदन की लकड़ी को डालकर पानी डाल दें।



## किशोर तिरुमाला की आने वाली फिल्म में मेरे किरदार के नाम में ही है अलग एनर्जी : डिंपल हयाती

निर्देशक किशोर तिरुमाला की आने वाली फिल्म भारत महासयुलाकु विग्न्याप्ति को लेकर टॉलीवुड के फैंस काफी उत्सुक हैं। इसमें दमदार एक्शन और कॉमेडी का तड़का देखने को मिलेगा। वहीं अभिनेता रवि तेजा अपने नए अंदाज से दर्शकों को प्रभावित करते दिखेंगे। इस बार कहानी में दो प्रमुख महिला किरदार भी हैं, जो फिल्म की रोमांचक और मनोरंजन को और मजबूत बनाते हैं।

एक इवेंट में फिल्म का नया गाना बेला बेला लॉन्च किया गया। इस गाने को रवि तेजा और आशिका रंगनाथ पर फिल्माया गया। इस इवेंट में अभिनेत्री डिंपल हयाती ने अपने किरदार और फिल्म के अनुभव के बारे में बातें कीं। डिंपल ने कहा, मैंने लंबे समय बाद एक ऐसा किरदार निभाया है जो मेरे लिए बहुत खास है। मेरा किरदार फिल्म में बालमणि नाम का है।

ये नाम ही कुछ खास ऊर्जा और प्रभाव देता है।उन्होंने निर्देशक किशोर तिरुमाला को इसका श्रेय दिया और कहा कि उन्होंने ही बालमणि को इस तरह के प्रभावशाली और यादगार रूप में बनाया। डिंपल हयाती ने बताया कि उन्होंने पहले ग्लैमरस और स्टाइलिश किरदार निभाए हैं, लेकिन इस बार का उनका रोल बिल्कुल अलग है।

उन्होंने कहा, बालमणि एक अनोखा और बिल्कुल हटकर रोल है। इस बार दर्शकों को कुछ नया और अलग देखने को मिलेगा।गाने बेला बेला की तारीफ करते हुए डिंपल ने कहा कि यह गाना बहुत खूबसूरत और आकर्षक है। यह गाना रवि तेजा और आशिका रंगनाथ पर फिल्माया गया है। डिंपल ने आशिका रंगनाथ के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी बात की।

उन्होंने कहा कि अक्सर लोग मानते हैं कि अगर किसी फिल्म में दो हीरोइन होंगी तो उनके बीच टकराव होगा, लेकिन उन्होंने आशिका के साथ सेट पर खूब मस्ती की। आशिका बेहतरीन अभिनेत्री हैं और उनके साथ काम करना सुखद अनुभव रहा।फिल्म भारत महासयुलाकु विग्न्याप्ति को सुधाकर चेरुकुरी प्रोड्यूस कर रहे हैं और इसे एसएलवी सिनेमा के बैनर तले प्रस्तुत किया जा रहा है।

फिल्म में रवि तेजा के साथ डिंपल हयाती और आशिका रंगनाथ मुख्य महिला किरदारों में हैं।इनके अलावा, फिल्म में सुनील, सत्या, वेन्नेला किशोर, सुधाकर और मुरलीधर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का कथानक एक्शन और कॉमेडी का मिश्रण है, जो दर्शकों को हंसी के साथ-साथ रोमांच का अनुभव भी देगा।

# रसोई में रोजमर्रा के कामों को आसान बना सकते हैं ये 5 हैक्स

रसोई में काम करते समय अक्सर समय की कमी और काम का बोझ बढ़ जाता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे उपाय आपकी मदद कर सकते हैं। ये उपाय न केवल आपके समय को बचाएंगे, बल्कि आपके काम को भी आसान बना देंगे। इनका उपयोग करके आप बिना किसी तनाव के अपनी रसोई को व्यवस्थित रख सकते हैं और खाना बनाना भी जल्दी कर सकते हैं। आइए इन उपायों के बारे में जानते हैं।

सब्जियों को जल्दी काटने का तरीका

सबसे पहले सब्जियों को धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद एक बड़े डिब्बे में सभी कटी हुई सब्जियों को डालें और उन्हें एक साथ मिला लें। अब इस मिश्रण को छोटे-छोटे थैलियों में बांधकर फ्रीजर में रख दें। जब भी आपको सब्जियां चाहिए होंगी, आप इन थैलियों को निकालकर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका समय बचेगा और रोजमर्रा के खाने में ताजगी भी बनी रहेगी।

माइक्रोवेव का करें इस्तेमाल

अगर आपके पास माइक्रोवेव है तो उसका इस्तेमाल करके आप कई काम जल्दी कर सकते हैं। जैसे आलू को उबालने के लिए उन्हें धोकर माइक्रोवेव में पानी के साथ डालें और 5-6 मिनट तक तेज गर्मी पर पकाएं। इसी तरह टमाटर को भी छिलने के लिए पहले गर्म पानी में डालकर कुछ देर रखें, फिर छीलें। प्याज को भी छिलने के लिए पहले छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर माइक्रोवेव में पकाएं।



बर्तन धोना होगा आसान

बर्तन धोने में अक्सर समय लगता है, लेकिन इसे आसान बनाया जा सकता है। इसके लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करें क्योंकि गर्म पानी चर्बी को जल्दी हटाता है। अगर आपके पास बर्तन धोने का तरल साबुन नहीं है तो एक कपड़े में थोड़ा सा बर्तन धोने वाला पाउडर लें और उसे पानी में घोलकर इस्तेमाल करें। इससे बर्तन साफ होंगे। इसके अलावा बर्तन धोने के बाद उन्हें हवा में सुखाने के लिए स्टैंड पर रखें।

चावल और दाल को एक साथ पकाएं

आमतौर पर चावल और दाल को अलग-अलग पकाया जाता है, लेकिन इन्हें एक साथ पकाकर समय बचाया जा सकता है। इसके लिए पहले चावल और दाल दोनों को धोकर अलग-अलग बर्तनों में रखें। अब एक बड़े बर्तन में पानी उबालें और उसमें दोनों बर्तनों की सामग्री डालें। 20-25 मिनट तक पकने दें, फिर गैस बंद कर दें। इससे आपका खाना जल्दी तैयार होगा और आपको किसी भी चीज का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

सब्जियों को भूनें बिना पकाएं

आमतौर पर सब्जियों को भूनकर पकाया जाता है, लेकिन इससे समय लगता है और खाना भी ज्यादा तला हुआ लगता है। इसे आसान बनाने के लिए कटी हुई सब्जियों को पहले पानी में डालें और उन्हें उबाल लें। इसके बाद उन्हें छानकर किसी बड़े बर्तन में डालें और ऊपर से मसाले डालकर धीमी आंच पर पकाएं। इससे आपका खाना जल्दी तैयार होगा और उसमें ज्यादा तेल या मसाले नहीं लगेंगे।



## किच्चा सुदीप स्टारर फिल्म मार्क को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

मार्क ने सेंसर की फॉर्मेलिटीज़ पूरी कर ली हैं। किच्चा सुदीप अपनी आने वाली फिल्म मार्क से फिल्म लवर्स का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। विजय कार्तिकेय द्वारा डायरेक्टेड यह फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस स्पेशल के तौर पर रिलीज़ हो रही है। सूत्रों के अनुसार, मेकर्स ने बताया कि फिल्म ने सेंसर की फॉर्मेलिटीज़ पूरी कर ली हैं। उन्होंने पोस्ट किया, सर्टिफाइड। चार्ज्ड। रेडी। और मार्क कन्नड़ - सर्टिफाइड यू/ए। मार्क शब्द का मतलब है पागल, रवैया, निर्दयी, राजा, जो उनकी दमदार पर्सनैलिटी को दिखाता है। नवीन चंद्र, दीपशिखा, योगी बाबू और गोपालकृष्ण देशपांडे फिल्म में अहम रोल निभा रहे हैं, जिसका म्यूज़िक अजनिश लोकनाथ ने दिया है। मार्क को सत्य ज्योति फिल्म्स और किच्चा क्रिएशन्स ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, और इसे टी.जी. त्यागराजन ने पेश किया है, जबकि सेंथिल त्यागराजन और अर्जुन त्यागराजन ने इसमें पैसा लगाया है।

## नीलम उपाध्याय ने बिकिनी पहन बरपाया कहर, सर्दियों में बढ़ा रहीं इंटरनेट का पारा



साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस नीलम उपाध्याय इन दिनों सात समंदर पार ऑस्ट्रेलिया की वादियों में फुर्सत के पल बिता रही हैं. सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली नीलम ने अपने हालिया वेकेशन की कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्होंने इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है. मेलबर्न के खूबसूरत समुद्री बीच से आई इन तस्वीरों में नीलम का एक ऐसा अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे देखकर फैंस अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं.

नीलम उपाध्याय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वेकेशन की एक कई फोटो पोस्ट की है. इन तस्वीरों में वह मेलबर्न के सुनहरे समुद्र तट पर नेचर के करीब नजर आ रही हैं. नीलम की इन फोटोज ने न केवल उनकी खूबसूरती को जाहिर किया है.

इन तमाम तस्वीरों में जिस लुक ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं, वह था नीलम का ब्लू प्रिंटेड बिकिनी अवतार. नीलम ने नीले रंग की प्रिंटेड बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए कई किलर पोज दिए हैं, जो फैंस को दीवाना बना रहा है.

नीलम कभी वह समुद्र की गीली रेत पर बैठकर मुस्कुराती नजर आईं, तो कभी रेत पर लेटकर उन्होंने सिजलिंग फोटोशूट करवाया. उनका सभी लुक एकदम सिजलिंग और जानदार लग रहा है. उनकी फोटो देख फैंस एकदम लट्टू हो रहें हैं.

नीलम ने आंखों पर स्टाइलिश चश्मा लगाए थे, उनकी क्लोज-अप सेल्फी ने उनके लुक को और भी जानदार बना दिया. धूप में उनकी दमकती स्किन और कॉन्फिडेंस ने इन तस्वीरों को और भी खास बना दिया है.

सिर्फ बिकिनी ही नहीं, नीलम ने एक बेहद स्टाइलिश बैकलेस ड्रेस पहना था. इस आउटफिट में वह काफी ग्रेसफुल और एलिगेंट लग रही थीं. उनका यह लुक बीच-साइड वॉक के लिए एकदम परफेक्ट इंस्पिरेशन देता है. नीलम ने अपनी छुट्टियों का का लुफ्त फोटोशूट और मजेदार अंदाज में किया है.

अपनी इन प्यारी सी मोमेंट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में बड़े ही दिलचस्प अंदाज में लिखा कि बीच फन्स और साथ में कॉफी रन्स . यह कैप्शन उनके वेकेशन के मूड को बखूबी बयां कर रहा है. जैसे ही नीलम ने ये तस्वीरें शेयर कीं, कमेंट सेक्शन हार्ट और फायर इमोजी से भर गया.

### सू- दोकू क्र. 267

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.266 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -267

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# गैस सिलेंडर आपूर्ति में प्रतिदिन हजारों रुपए की अवैध वसूली

## निक्की गैस एजेंसी की मनमानी, शासकीय नियमों को किया दरकिनार 0 उपभोक्ताओं ने कड़ी कार्यवाही की मांग की

**चरचा कालरी।** भारत गैस की अधिकृत विक्रेता निक्की गैस एजेंसी, सोनहत द्वारा चर्चा कोलरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से एलपीजी सिलेंडर रिफिलिंग के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला अब गंभीर कानूनी अपराध का रूप ले चुका है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी द्वारा निर्धारित रू. 945 की वैधानिक दर के विपरीत रू. 980 से लेकर रू. 1000 तक प्रति सिलेंडर वसूला जा रहा है, जो कि शासन, तेल कंपनी एवं उपभोक्ता कानूनों की खुली अवहेलना है।




निक्की गैस एजेंसी की यह मनमानी जानबूझकर शासकीय दिशा निर्देशों की अवहेलना है एलपीजी (विनियमन आपूर्ति एवं वितरण) आदेश, 2000 धारा 3(1): अधिकृत वितरक केवल वही मूल्य वसूल सकता है जो तेल कंपनी/शासन द्वारा अधिसूचित हो।अतिरिक्त भाड़ा, सेवा शुल्क या अन्य कोई राशि लेना अपराध की श्रेणी में आता है।धारा 7 के अंतर्गत तय मूल्य से अधिक वसूली करने पर जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है।एलपीजी जैसी आवश्यक वस्तु में कालाबाजारी एवं अवैध वसूली गंभीर दंडनीय अपराध है व अनुचित व्यापार व्यवहार है। निक्की गैस एजेंसी प्रतिनिधियों द्वारा यह कहना कि रू. 35 प्रति सिलेंडर भाड़ा अलग से लिया जाता है, न तो किसी सरकारी अधिसूचना में दर्ज है और न ही गैस बिल में। यह सीधे तौर पर फर्जी वसूली एवं उपभोक्ता को भ्रमित करने की साजिश प्रतीत होती है चर्चा कालरी के उपभोक्ता मोहम्मद आरिफ ने गैस एजेंसी के द्वारा की जा रही अवैध भाड़ा वसूली पर आक्रोश व्यक्त किया उनसे रू. 980 की मांग की गई थी वहीं सुभाष नगर विवेकानंद कॉलोनी के रहने वाले कई उपभोक्ताओं ने बताया कि हमसे रू. 1000 तक लिए जाते हैं शहरी क्षेत्र नगर पालिका शिवपुर चर्चा में जब भाड़ा वसूली का यह हाल है तो यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि एजेंसी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कितनी ज्यादा अवैध भाड़ा राशि वसूली जाती होगी जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं से प्रति सिलेंडर 80 से 150 रुपए तक अतिरिक्त वसूली की जा रही है जबकियह भाड़ा वसूली राशि सरकारी नियमों के अनुसार पूरी तरह अवैध है इस प्रकार एजेंसी द्वारा प्रतिदिन हजारों रुपए के अवैध कमाई केवल वाहन किराए के मध्य में की जा रही है। नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में इंडेन गैस की गृह वितरण सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पारदर्शी ढंग से संचालित हो रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि निक्की गैस एजेंसी की मनमानी प्रशासनिक संरक्षण या लापरवाही के बिना संभव नहीं है। विश्वस्थ सूत्रों के अनुसार कई जगहों पर अपने प्रभाव व दबदबे के बल पर अवैध रूप से भरे हुए गैस सिलेंडर का नियम विरुद्ध स्टॉक भंडारण किया जाता है भंडारण के क्रम में अपने खास लोगों के घरों पर 10 से12 सिलेंडर रख दिए जाते हैं जिन्हें वे लोग जरूरतमंद लोगों को 1000 से लेकर 11 सो रुपए तक की राशि में देते हैं अवैध रूप से भंडारण के दौरान अप्रिय घटना घटित हो सकती है तब जिम्मेदारी किसकी होगी यह तय करना होगा। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन आवश्यक वस्तुओं में हो रही इस खुली लूट पर कार्रवाई करेगा या उपभोक्ता इसी तरह शोषण झेलने को मजबूर रहेंगे। यदि शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए गए तो यह मामला जन आंदोलन का रूप ले सकता है।



## सप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में 15 नवंबर से शुरू धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों को धान खरीदी को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कई सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के टोकन लिमिट बढ़ गया है, सभी नोडल अधिकारी अपना व्यवस्था मजबूत कर लें, ताकि किसी को असुविधा न हो। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में बढ़ते स्टॉक को देखते हुए राइस मिलों का शीघ्र भौतिक सत्यापन करने तथा धान उठाव के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना व स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति में तेजी तथा जनदर्शन व सीएम पोर्टल के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। आज के जनदर्शन में 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित किया गया। कलेक्टर ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया, साथ ही निजी स्कूलों की मिनी बसों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कोहरा के मौसम में स्कूल वैनों पर कड़ी निगरानी रखने का साफ निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेंद्र वैद्य, जॉइंट कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर उमेश पटेल, अनुविभागीय अधिकारी सोनहत अंशुल वर्मा एवं समस्त विभागीय अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मौहरपारा आंगनबाड़ी केंद्र से कार्यकर्ता नदारत अपर कलेक्टर ने दिया जांच का आदेश



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम सिंगरौली के मौहरपारा में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में पदस्थ कार्यकर्ता के केंद्र से आए दिन नदारत रहने से बच्चों को नियमित पोषण आहार नहीं मिल रहा है। सिंगरौली के ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों ने अपर कलेक्टर को शिकायत देकर बताया कि ग्राम सिंगरौली के मौहरपारा आँगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता यहां से 15 किलोमीटर दूर जनकपुर में निवास करती है। यह कार्यकर्ता आँगनबाड़ी सहयिका व कार्यकर्ता संघ कि एमसीबी जिला अध्यक्ष है जिससे जनकपुर में रहकर राजनीति करती रहती है और केंद्र में मुश्किल से 10 से 12 दिन ही पहुँचती है। जबकि शासन की विभागीय निर्देशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को उसी ग्राम व उसी मुहल्ला के निवासी होना चाहिए। जिससे वह अपने नियुक्ति आँगनबाड़ी केंद्रों पर अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। लेकिन सिंगरौली के मौहरपारा आँगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता के 15 कि.मी. दूर निवास करने से वह अपने पदस्थ केंद्र में रोजाना समय में नहीं पहुंच पाती है। जिससे केंद्र में नौनिहालों का जिम्मा सहायिका के भरोसे रहता है। ऐसे में केंद्र के नौनिहालों को रोजाना पोषण आहार भी नहीं मिल रहा है जो कि शासन के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। ग्राम सिंगरौली के पूर्व सरपंच जगन्नाथ, वर्तमान सरपंच पति शिवलाल एवं ग्रामीण शिव कुमार, सीताराम ने बताया कि हम लोग यहां से अक्सर आते जाते रहते है, कभी कभार ही केंद्र खुला मिलता है। हमेशा केंद्र में ताला लगा रहता है। शिकायत के सम्बन्ध में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत सिंगरौली के मौहरपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से कार्यकर्ता के नदारत रहने, समय पर नहीं खुलने व अक्सर बंद रहने की जानकारी मिलने की जाँच करने महिला बाल विकास अधिकारी को दिया गया है। जाँच रिपोर्ट के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## एसआईआर हेतु गणना पत्र भरने की समय-सीमा समाप्त होने उपरांत समेकित मूल प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन

**कोरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के अंतर्गत प्रारंभिक मतदाता सूची का आज जिले के सभी मतदान केंद्रों एवं निर्वाचन कार्यालयों में प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है की दिनांक 28 अक्टूबर 2025 से 18 दिसंबर तक गणना पत्रक भरने की कार्यवाही किया गया। दावा एवं आपत्ति की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान पात्र नागरिक नए मतदाता पंजीयन, नाम सुधार, स्थानांतरण अथवा विलोपन हेतु फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 जमा कर सकते हैं। नोटिस व प्राप्त आवेदनों का निराकरण 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक कर 21 फरवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन किया जावेगा। युक्तियुक्तकरण के पश्चात जिले में कुल 316 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें बैकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक-03 के 234 तथा भरतपुर-सोनहत (आंशिक) विधानसभा क्रमांक-01 के 82 मतदान केंद्र शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति पूर्ण कर ली गई है। एसआईआर के पश्चात बैकुण्ठपुर विधानसभा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 79,948 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 79,447 हो गई है।

## चोरपहरी बैरियर पर अवैध लकड़ी परिवहन का खुलासा

**रामानुजगंज।** वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन एवं उपवन मण्डल अधिकारी बलरामपुर अनिल कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्राधिकारी रामानुजगंज निखिल सक्सेना के नेतृत्व में सर्किल रामानुजगंज, बीट रामानुजगंज के चोरपहरी बैरियर में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से लकड़ी परिवहन का मामला सामने आया है। जांच के दौरान एक ट्रक में सेमल लकड़ी लोड कर परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक मनोज भुईहर (उम्र 41 वर्ष), निवासी नवाडीह, तहसील-थाना चैनपुर, जिला पलामू (झारखण्ड) से लोड वनोपज के संबंध में परिवहन अनुज्ञा पत्र (टी.पी.) की मांग कर जांच की गई। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी दस्तावेजों का मिलान किया गया।

## जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार रथ रवाना



**कोरिया बैकुंठपुर।** रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कोरिया के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन 26 दिसंबर 2025 को प्रात: 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे जिला मुख्यालय मानस भवन में किया जाएगा। इस शिविर में आमजन को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस शिविर के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष प्रचार रथ को से जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित पैकरा तथा रेड क्रॉस सोसाइटी कोरिया जिला के चेयरमैन श्री महेंद्र वेद और समस्त सदस्यों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। प्रचार रथ कोरिया जिले के समस्त ब्लॉकों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु रवाना किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर से लाभान्वित हो सकें। जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी ने सभी नागरिकों से शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।



## गुड़ खाने घर में पंहुचा भालू पिंजरे में कैद

**जनकपुर।** एमसीबी जिले जनकपुर नगर में एक व्यवसाई के घर में गुड़ खाने पंहुचा जंगली भालू को वन विभाग ने रेसक्यू कर पिंजरे में कैद कर दूर घने जंगल में छोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकपुर नगर के व्यवसाई भरत कुमार गुप्ता के घर में रात होते ही जंगली भालू पेड़ के सहारे पहुंच जाता था और बिक्री के लिए रखे गुड़ को खाकर वापस चला जाता था। व्यवसाई के घर में लगातार चार दिनों से पहुंच रहे जंगली भालू की जानकारी वन विभाग को होने पर उन्होंने भालू के रास्ते में पिंजरा लगा दिया और पिंजरे में गुड़ रख दिए। भालू गुड़ खाने के लालच में पिंजरे में घुसकर कैद हो गया, जिसे वन विभाग ने दूर घने जंगल में छोड़ दिया।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन सम्पन्न

**चिरमिरी।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के तत्वाधान में एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला एम .सी .बी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 का जिला स्तरीय आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी में भव्य कार्यक्रम के रुप में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवम रामानुजन के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ तद्पश्चात पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण किया गया । इस आयोजन में जिला एम.सी.बी.के शासकीय एवम अशासकीय कई विद्यालयों ने सहभागिता किया । ग्रामीण अंचल के कई विधालय शामिल हुये । समस्त कार्यक्रम का उत्प्रेरणा एवम सहयोग छत्तीसगढ़ विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद एवम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डी.ए.वी पब्लिक स्कूल चिरमिरी के प्राचार्य एस.के. पांडेय द्वारा एक प्रेरक विशेषज्ञ व्याख्यान सेमिनार प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने गणित को रोचक एवं व्यवहारिक बनाने पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय सहभागिता निभाई। गणित मॉडल प्रतियोगिता में सेजेस चिरमिरी की प्रक्षिता एवं एरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान सेजेस चिरमिरी के करण यादव को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान सेजेस नवापारा पोडीं के दीपांशु पाठक ने हासिल किया।शिक्षकों की टी.एल.एम प्रतियोगिता में सेजेस चिरमिरी की निधि पांडेय ने प्रथम, जोचना साहू ने द्वितीय तथा डी.ए.वी पब्लिक स्कूल की अंजली शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में डी.ए वी पब्लिक स्कूल, चिरमिरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सेजेस नवापारा पोडीं द्वितीय तथा पी.एम श्री एकलव्य पोडिडीह तृतीय स्थान पर रहा। अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों में गणित के प्रति रुचि, नवाचार एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने में पूर्णत: सफल रहा। समस्त कार्यक्रम का संयोजन डॉ. डी.के. उपाध्याय जिला समन्वयक के द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## हर माह की सात तारीख को प्रत्येक ग्राम पंचायत में होगा आवास दिवस का आयोजन

**कोरिया।** कोरिया जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अब रोजगार दिवस के दिन आवास दिवस भी मनाया जाएगा। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में और तेजी आएगी तथा हितग्राहियों के सपने को साकार करने में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। चावल उत्सव के साथ प्रत्येक माह की सात तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस के साथ ही अब आवास दिवस मनाए जाने से ग्रामीणों को एक ही जगह पर सभी समस्याओं को निदान मिल सकेगा। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आवास दिवस मनाए जाने संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश के साथ इस आशय का पत्र जनपद पंचायतों को जारी कर दिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 7 तारीख को आवास दिवस मनाए जाने के दौरान पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जाएगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में फूंका गया पुतला

**चरचा कालरी।** बांग्लादेश में कट्टरपंथी जिहादी सोच से प्रभावित मोहम्मद यूनुस सरकार द्वारा वहां निवासरत निर्दोष हिंदुओं पर किए जा रहे कथित अत्याचारों, विशेषकर एक हिंदू युवक को जिंदा जलाए जाने की हृदयविदारक घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चरचा कालरी के मुख्य मार्ग में स्थित टावर चौक पर बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया।

यह पुतला दहन कार्यक्रम बजरंग दल के जिला अध्यक्ष जयकुमार चक्रधारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान मूलचंद, पीयूष, अतुल, अमन, ईशान, सनी सहित बड़ी संख्या में हिंदू युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू समाज



की माताओं, बहनों, बेटियों और मासूम बच्चों पर हो रहे अत्याचार अत्यंत निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाले हैं। ऐसी घटनाएं न केवल धार्मिक असहिष्णुता को दर्शाती हैं, बल्कि लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं।वक्ताओं ने एक स्वर में बांग्लादेश सरकार की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से मांग की कि वह इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीरता से उठाए तथा बांग्लादेश सरकार पर तत्काल कठोर कार्रवाई का दबाव बनाए, ताकि वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने पीड़ितों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ वे शांतिपूर्ण और संगठित रूप से अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

## रामानुजगंज में साइबेरियन डक की आमद से पक्षी प्रेमियों में हर्ष

**रामानुजगंज।** विगत कुछ वर्षों से ठंड के मौसम में कन्हर नदी क्षेत्र रामानुजगंज के लिए एक विशेष आकर्षण बनता जा रहा है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी साइबेरियन डक का एक जोड़ा नगर क्षेत्र में पहुंचा है। जानकारी के अनुसार लगभग पंद्रह दिन पूर्व यह दुर्लभ प्रवासी पक्षी कनहर नदी के अन्य टट क्षेत्र के समीप देखा गया, जिसके बाद से स्थानीय नागरिकों एवं पक्षी प्रेमियों में विशेष उत्साह का माहौल है।

## बिशुनपुर-सलका मार्ग की दुर्दशा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले का महत्वपूर्ण बिशुनपुर-सलका मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली के कारण सुर्खियों में है। सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि ग्रामीण इसे अब 'गड्ढों का हाइवे' कहकर संबोधित कर रहे हैं। बीते बरसात के बाद मार्ग के कई हिस्से दलदल में तब्दील हो गए हैं, जिससे आवागमन जोखिमपूर्ण बन चुका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर हर यात्रा दुर्घटना की आशंका के साथ ही शुरू होती है। एक ग्रामीण ने व्यथा व्यक्त करते हुए कहा 'सड़क नहीं बची, केवल खतरों की लाइन बची है। तस्वीरें बयां करती हकीकत सड़क की जगह गड्ढों की कतारताज़ा तस्वीरें इस मार्ग की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट रूप से सामने रखती हैं। डामर कई स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुका, किनारों पर उगी झाड़ियों से मार्ग और संकरा, रात के समय मार्ग पर



दुर्घटना की आशंका कई गुना, एक स्थानीय निवासी ने कहा 'हम सड़क पार नहीं करते, सड़क की परीक्षा देते हैं। सुशासन तिहार में उठी मांग, पर परिणाम 'शून्य' सुशासन तिहार के दौरान इस मार्ग के पूर्ण पुनर्निर्माण की मांग मजबूती के साथ रखी गई। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का समाधान प्रस्तुत करेगा। लेकिन संबंधित विभाग की प्रतिक्रिया केवल एक शब्द तक सीमित रही निराकृत। न कोई समय-सीमा, न निरीक्षण का आश्वासन,न मरम्मत की योजना, न कार्यारंभ की जानकारी। ग्रामीणों ने कहा समाधान के मंच पर भी टालमटोल यह सबसे बड़ी चिंता है। विभागीय चुप्पी पर उठ रहे सवाल। क्षेत्रवासियों ने बिना आरोप लगाए कई गंभीर प्रश्न उठाए हैं? क्या सड़क की वर्तमान स्थिति का कोई जमीनी निरीक्षण हुआ? विधानसभा में मार्ग स्वीकृत होने के बाद भी कार्य प्रारंभ क्यों नहीं हुआ? वर्षों पुरानी समस्या को केवल पैचवर्क से कैसे हल किया जा सकता है? हजारों लोगों के दैनिक उपयोग वाले मार्ग को प्राथमिकता सूची में शामिल क्यों नहीं किया जाता? एक बुजुर्ग ने अपनी पीड़ा इस तरह व्यक्त की। सड़क कागज़ों में ठीक है, लेकिन धरातल पर लोग ही टूट रहे हैं। भारी वाहनों ने बदतर की स्थिति जनसुरक्षा पर गहरा असर। इस मार्ग पर प्रतिदिन गुजरते हैं किसान तथा मजदूर दोपहिया एवं छोटे वाहन अधिक भार, बार-बार आवाजाही और कमजोर निर्माण गुणवत्ता के कारण सड़क कई स्थानों पर धँस चुकी है। मार्ग अब असमतल ट्रैक में तब्दील होता जा रहा है, जिससे सुरक्षा बेहद प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों की पाँच प्रमुख मांगें 'अब कार्रवाई चाहिए, औपचारिकता नहीं' तत्काल गड्ढों की मरम्मत और भराई सड़क का संपूर्ण पुनर्निर्माण, केवल पैचवर्क नहीं विभाग द्वारा स्पष्ट समय-सीमा की घोषणा नियमित निरीक्षण और प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करना सुशासन तिहार में निराकृत शिकायत की पुन: समीक्षा। एक युवा ने कहा हम वादों पर नहीं, सड़क पर सुधार पर विश्वास चाहते हैं। यह केवल सड़क का मुद्दा नहीं, जनसुरक्षा का प्रश्न है। बिशुनपुर-सलका मार्ग का पुनर्निर्माण अब विलंब का मुद्दा नहीं, तात्कालिक आवश्यकता है। प्रशासन की अगली कार्रवाई पर क्षेत्र की निगाहें टिक गई हैं। जनता यह जानने को उत्सुक है। इस मार्ग पर सुरक्षित यात्रा कब संभव होगी? विकास कब कागजों से उतरकर धरातल पर आएगा?

## काव्य गोष्ठी का आयोजन

**रामानुजगंज।** गुंजन साहित्य संघ द्वारा वर्ष 2025 के अंतिम सत्र के अवसर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या में गीत, ग़ज़ल, कविता और हास्य के विविध रंग देखने को मिले। कार्यक्रम में देश-विदेश के मूर्धन्य कवियों, गीतकारों एवं साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय कृष्णा बाबू जी द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन डॉ. दीपा गुप्ता (रामानुजगंज) ने अत्यंत कुशलता से किया, जिन्होंने अपनी सहजता एवं हास्यपूर्ण शैली से पूरे वातावरण को सरस बनाए रखा। इस अवसर पर गुंजन साहित्य सम्मान से चयनित साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

# जिले में कल ग्रामसभाएं, विकसित भारत जी-राम-जी और पेसा अधिनियम होगा मुख्य विषय

## कलेक्टर ने जारी किए आदेश, योजनाओं से अवगत होंगे ग्रामीण

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कल ग्रामसभाएं आयोजित होंगी। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। कोरिया जिला अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है इसलिए कल आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में पेसा अधिनियम के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से अवगत कराया जाएगा। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा जो अब जी राम जी के नाम से प्रवर्तित हो रही है उसके प्रमुख बिंदुओं और योजना के समेकित रूपरेखा के बारे में सभी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। जीरामजी यानी विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 की प्रमुख विशेषताएँ का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

राष्ट्रीय विजन के अनुरूप समृद्ध एवं सुदृढ़ ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण और संतृप्ति को बढ़ाकर इससे संबंधित विषयों के लिए अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए यह योजना है। इसमें वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी-रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान कर; एक ग्रामीण विकास रूपरेखा स्थापित करने के लिए अधिनियम लागू किया गया है।जी-राम-जी के तहत अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी-रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। पहले यह



100 दिवस निर्धारित थी। इस अधिनियम के अंतर्गत शुरू किए जाने वाले सभी कार्य एवं परियोजनाएँ विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना का अंग होंगी। जिनमें जल-संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, मूलभूत अवसंरचना, आजीविका-संबंधी अवसंरचनाएं तथा प्रतिकूल मौसमी घटनाओं से बचाव के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। जीरामजी के तहत कार्यों की आयोजना विकसित ग्राम पंचायत की रूपरेखा अनुसार की जाएगी। जिन्हें ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार किया जाएगा तथा इन्हें पीएम गतिशक्ति सहित राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों के साथ एकीकृत किया जाएगा। प्रत्येक पंचायतों की भौगोलिक स्थिति, नगरीकरण की दिशा में प्रगति जैसे प्रमुख बिंदुओं पर उनकी विविध विकासात्मक आवश्यकताओं को योजना निर्माण के दौरान ध्यान में रखकर प्लान तैयार किया जाएगा। ग्रामीण कार्यबल के लिए बढ़ाई गई मजदूरी-रोजगार गारंटी को दृष्टिगत रखते हुए, विशेष रूप से बुवाई और कटाई के व्यस्ततम समय के दौरान, कृषि श्रम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों को खेती के समय पर्याप्त श्रम उपलब्ध हो सकेगी। इस संदर्भ में, अधिनियम में राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल मिलाकर साठ दिन की अवधि अधिसूचित करने की छूट होगी जिसमें बुवाई एवं कटाई की व्यस्ततम समयावधि को सम्मिलित किया जाएगा। यदि किसी ग्रामीण परिवार को, मांग प्रस्तुत करने के पश्चात, निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य प्रदान नहीं किया जाता है, तो राज्य सरकार अनुसूची में विहित दरों एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता का भुगतान करेगी। इससे श्रमिकों का हित सुरक्षित हो सकेगा। जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जीरामजी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप अब ग्राम पंचायत की प्राथमिक कार्यान्वयन की भूमिका होगी। ग्राम पंचायत ही श्रमिकों का पंजीकरण करने, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने तथा कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर कम से कम 50 प्रतिशत कार्यों के निष्पादन के लिए उत्तरदायी होंगी। ग्राम सभा नियमित सामाजिक अंकेक्षण भी करेगी। जनपद पंचायतें, ब्लॉक-स्तरीय आयोजना, प्रस्तावों के समेकन एवं अभिसरण के सुगमीकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

जिला पंचायतें, एक समर्पित संचालन समिति के माध्यम से, समग्र पर्यवेक्षण एवं निगरानी की जिम्मेदारी निभाएंगी तथा समेकित जिला योजनाएँ तैयार करने में कलेक्टर एंव जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) की सहायता करेंगी। ग्रामसभा के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि जीरामजी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी का इस्तेमाल होगा। जिनमें बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, स्थानिक प्रौद्योगिकी आधारित (स्पैसटियल टेक्नालॉजी) प्लान, मोबाइल एवं डैशबोर्ड आधारित निगरानी तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणालियों के माध्यम से प्रावधान किए गए हैं। इसमें सामाजिक अंकेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है।

# जनता ने नकारा तो खीझ में मुस्ताक और साथियों ने ली अक्षय की जान

## चार आरोपी गिरफ्तार, कुछ महीने खरीदी गई कार और हथियार जब्त

**कोरबा।** मिर्जा मुस्ताक अहमद सहित चार आरोपियों को अक्षय गर्ग हत्याकांड में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, चाकू सहित उस कार को जब्त किया गया है जिसके जरिए आरोपी केशलपुर पहुंचे थे फिर इस कांड को अंजाम दिया। पूरे मामले में राजनीतिक विद्वेष का कनेक्शन सामने आया है। पुलिस कुछ घंटे बाद इसकी पृष्ठभूमि का खुलासा करेगी।

आरोपियों में तीन कोरबी और दो सिंघिया मल्दा के रहने वाले हैं। प्रकरण में मिर्जा मुस्ताक अहमद ने अक्षय गर्ग की हत्या करने के लिए तीन और लोगों का सहयोग लिया और इनकी अहम् भूमिका से आखिरकार 2025 के इस सबसे बड़े दर्दनाक हत्याकांड को परवान चढ़ाया। मंगलवार की सुबह 9 से 10 बजे के बीच केशलपुर गांव में उस जगह घटना को अंजाम दिया गया, जहां अक्षय पीएमजीएसवाय की सड़क का निरीक्षण करने पहुंचा था। काले रंग की कार से आए आरोपियों ने संभलने का मौका दिए बिना अक्षय की क्रूरतम तरीके से हत्या कर दी। खबर के अनुसार मुस्ताक ने कोरबी निवासी मरकाम से कुछ महीने पहले ही इस कार को खरीदा था और इसका उपयोग अब हत्याकांड में किया।



सुविज्ञ सूत्रों से मिली सूचनाओं में कहा गया कि वर्ष 2025 में संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बिंझरा क्षेत्र से जनपद सदस्य पद से चुनाव पोड़ी उपरोड़ा जनपद के लिए अक्षय गर्ग ने लड़ा था। उसके सामने मिर्जा मुस्ताक अहमद सहित कई प्रतिद्वंदी थे। कामकाज और क्षमता के आधार पर जनपद क्षेत्र के लोगों का समर्थन अक्षय को मिला और बाकी ढेर हो गए। अक्षय के पक्ष में यह नतीजा क्षेत्र की जनता ने दिया था और एक तरह से मुस्ताक को नकार दिया था। चुनाव में मिली करारी पराजय से बौराए इस व्यक्ति ने पिछले कुछ महीनों से हार का बदला लेने के लिए मानसिकता बनाए रखी थी। मंगलवार को हुए हत्याकांड के साथ यह किस्सा पूरा हो गया। जानकारी मिली कि उसने अपने इस खेल में कोरबी और सिंघिया के विश्वजीत , गुलशन और एक नाबालिग का सहारा लिया। मंगलवार को ही कटघोरा पुलिस ने इस मामले में मर्ग, पंचनामा के साथ हत्या का प्रकरण दर्ज किया और जांच पड़ताल तेज की।

दोपहर बाद घटना स्थल का जायजा लेने के लिए बिलासपुर आईजी डॉ. संजीव शुक्ला खुद पहुंचे थे। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें अहम् जानकारी दी थी। इस आधार पर बहुत कुछ तय हो गया था कि आरोपी कौन हो सकते हैं। कटघोरा टीआई धर्मनारायण तिवारी और उनकी टीम ने इस मामले में जुड़े अधिकारियों ने ने कामकाज तेज किया और आखिरकार आरोपियों की धरपकड़ हुई। मामले में आरोपियों और उनके कारनामों के बारे में विस्तृत जानकारी कटघोरा में आज दोपहर 2 बजे पुलिस अधिकारी देंगे।

### अंतिम संस्कार में भारी भीड़, दिखा गुस्सा

आज पूर्वान्ह 11 बजे कटघोरा के मुक्तिधाम में अक्षय गर्ग का अंतिम संस्कार संपन्न हो गया। इससे पहले अंतिम यात्रा उनके निवास से निकाली गई। विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सदस्यों के अलावा विभिन्न समाज के लोग इसमें शामिल हुए। सुरक्षा कारणों से जरूरी व्यवस्था कराई गई। क्योंकि एक दिन पहले भाजपा नेता और जनपद सदस्य अक्षय की हत्या को लेकर लोगों में काफी गुस्सा था और कटघोरा नगर इस वजह से स्वस्फूर्त बंद रहा। मुख्य आरोपी और अन्य के बारे में जानकारी मिलने से कटघोरा नगर में काफी नाराजगी बनी हुई है। इसलिए भी पुलिस ने निगरानी बनाए रखी। अक्षय की हत्या को लेकर पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ आगे कार्यवाही की बात कही है। वहीं लोगों का कहना है कि घटिया सोच रखने वाले शातिर तत्वों के लिए ठोस इलाज होना ही चाहिए।



# धर्मांतरण पर गरमाई राजनीति जिला चेम्बर ने कराया नगर बंद

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने प्रदेश से हुए आह्वान पर आज कोरबा नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय बंद का आह्वान किया। कांकेर जिले में मिशनरी के प्रभाव से धर्मांतरण और इसी मामले में वहां के आदिवासियों से मारपीट के साथ अपराध दर्ज करने का विरोध हो रहा है।

कोरबा में बंद का असर मिले-जुले रूप में देखने को मिला। सुबह 9 बजे के बाद बंद के समर्थक सड़कों पर निकले। वे कारोबारियों से बंद कराने की अपील करते नजर आए। चेम्बर अध्यक्ष योगेश जैन सहित अन्य व्यापारिक प्रतिनिधि इस अभियान में शामिल रहे और जनजातीय समाज पर मंडरा रहे खतरे को लेकर गंभीर दिखे। सीतामणी और निहारिका कोसाबाड़ी क्षेत्र से चेम्बर के लोगों ने दो समूह में बंटकर नगर बंद कराने की कोशिश की। उपनगरीय क्षेत्रों में भी इस तरह की कोशिश की गई। बताया गया कि पूरे प्रदेश में आज बंद का आह्वान किया गया है। इसके जरिए कांकेर और अन्य सभी क्षेत्रों में धर्मांतरण की कवायदों पर अंकुश लगाने और इसका विरोध करने वालों पर झूठे मामले दर्ज कर प्रताड़ना बंद करने के लिए दबाव बनाया गया। याद रहे सरकार ने इसी मसले पर कांकेर एसपी अले सेला कल्याण को स्थानांतरित किया है। वे तीन बार पहले भी कुछ मामलों में हटाए जा चुके हैं।

## पंप हाउस कॉलोनी का करेंगे निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के पंप हाउस कॉलोनी में रहने वाले कामगारों ने अपने आवासोंके मरम्मत के लिए आवेदन दे रखा है । इन कार्यो को लेकर एसईसीएल प्रबंधन काफी गंभीर है। मरम्मत कराने के लिए केन्द्रीय कर्मशाला वेलफयर कमेटी की टीम पंप हाउस कालोनी का निरीक्षण करेगी। जिसके आधार पर बजट तैयार कर काम कराया जा सके । अधिकारियों के साथ अब्दुल माजिद, दिनेश साहू,एनके साव, बाबूलाल चंन्द्रा ,डीपी लहरे, कोयला कामगारों से मुलाकात करेंगे। पंप हाउस कालोनी के लोगों ने काफी पहले से ही आवेदन दे रखा है। सारे रूके हुए कार्य कराए जाएंगे।

## राम नाम लेखन में भागीदारी



**कोरबा।** राम मंदिर अयोध्या के दूसरे प्रतिष्ठा दिवस को लेकर कोरबा जिले में राम नाम लेखन महायज्ञ प्रारंभ किया गया है। 3.33 अरब राम नाम लेखन कार्य में काफी संख्या में लोग जुटे हुए हैं। अमरैयापारा में मातृशक्ति की भागीदारी इस अभियान में दर्ज हो रही है। चौका-चूल्हा और दूसरे कार्यों से समय निकालकर वे राम नाम लेखन को आगे बढ़ा रही हैं। ये पुस्तिकाएं अगले महीने अयोध्या भिजवाई जाएगी।

## गुरूघासीदास जयंती समारोह 28 को

**कोरबा।** एसईसीएल सुभाष ब्लाक कालोनी में गुरूघासीदास जयंती समारोह 28 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम के अध्यक्षता शिष्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे करेगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद धनकुमार गर्ग ,सिमरन जीत कौर, व गोपाल कुर्रे मौजूद रहेगें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दूज राम विलन, डाहरू राम,विजय मिरी, तारा चंद, सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## एसईसीएल में चलेगा अब सदस्यता अभियान

**कोरबा।** नए वर्ष में श्रमिक संगठन सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हैं, इसके लिए पिछले दिनों एसकेएमएस की बैठक आयोजित की गई। इसमें मनीष सिंह, धर्मा राव व सुभाष सिंह ने सभी इकाईयों के कार्यकर्ताओं से कहा है कि सदस्यता अभियान तेजी के साथ चलाया जाए। इसके साथ ही जीएम शाखा कोरबा पूर्व में सदस्य बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। केएसएस के अनूप सरकार, अनिल सिंह व प्रवीण रजक के द्वारा घरों में जाकर सदस्य बनाने का काम करने के लिए रणनीति बना रहे हैं। बीकेकेएमएस के भुवनेश्वर कश्यप व संजय दयाल एक जनवरी से सदस्य बनाने का काम शुरू कर देंगे, जबकि एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने नवीन सिंह, मनोज कटेरिहा के साथ मिलकर आगे की रणनीति बनाई है। दीपका क्षेत्र में भी एसईकेएमसी के सतीश सिंह, रामकुमार कश्यप, रसूल के द्वारा सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। यहां पर बीकेकेएमएस के रमेश गुरुद्वान व एसकेएमएस के विनोद यादव, जीत सिंह, अजय राठौर भी सक्रिय हो गए हैं।

## नोनबिर्रा सर्किल में दंतैल, एनएच पर कार के सामने आया हाथी

**कोरबा।** जिले में तीन ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने वाला दंतैल हाथी विगत तीन दिनों से कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में डेरा डाला हुआ है। आज सुबह इस दंतैल को रेंज के नोनबिर्रा सर्किल में श्रीमार गांव के पास विचरण करते हुए देखा गया। उसके बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड में आ गई है। दंतैल की निगरानी तेज करने के साथ श्रीमार व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सचेत करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। दंतैल हाथी के हमले में जिले में तीन ग्रामीणों की मौत के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है। जिसकी वजह से वन विभाग दंतैल की निगरानी पर विशेष जोर दे रहा है। ड्रोन कैमरे के अलावा मैदानी अमले से दंतैल की



निगरानी कराई जा रही है और हाथी के हर गतिविधियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा रही है। इस बीच कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में भी एक दंतैल हाथी कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर एक कार के सामने अचानक आ गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कार चालक ने सूझबुझ का परिचय देते हुए किसी तरह अपने वाहन को सुरक्षित निकाला।

## भवानी मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोका, बाल-बाल बचा

**कोरबा।** सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत हुई दुर्घटना में मछली विक्रेता बाल-बाल बच गया। उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोक दिया, जिससे पीछे रखा मछलियों का कैरेट सड़क पर आ गिरा। इससे आर्थिक नुकसान हुआ लेकिन जान बचने से उसने राहत की सांस ली। बताया गया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन औसत से अधिक स्पीड में था। चालक की लापरवाही से बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया। राहगीरों की मदद से बाइक सवार को वहां से हटाया गया।



## भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपाईयों ने दो दिनों का कार्यक्रम रखा है। जिसके तहत आज कई मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बालको में मुक्तिधाम पहुंचकर भाजपाईयों ने साफ-सफाई किया। इस दौरान डिलेंद्र यादव, जय राठौर, संपत यादव, राजा शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। दर्री नगर मंडल के अध्यक्ष मनोज लहरे के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के अलावा विजियाराजे सिंधिया की प्रतिमा की साफ-सफाई की। इसी तरह गजरा चौक में अटल परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान उदय शर्मा, अनिता राजपूत, हनुमान पांडेय सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। अटल चौक उरगा क्षेत्र में भी आज साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रतिमा सोनवानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। आज सुबह कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू, मिलाप राम के नेतृत्व में ढोढ़ीपारा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा की साफ-सफाई की गई। आज शाम को इसी प्रतिमा के सामने जिले के भाजपाई उपस्थित रहेंगे और दीप प्रज्जवलित करेंगे।

## कई जगह होगा कंबल वितरण

**कोरबा।** कांग्रेस कमेटी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान मोरगा क्षेत्र में कंबल वितरण करेगें। वे प्रत्येक वर्ष गरीबो को कंबल वितरा करते है। इसके अलावा गांव प्रतिभावान छात्राओं को सहयोग भी करते हे। केन्द्रीय कर्मशाला दिलीप सिंह व दिनेश साहू भी ग्रामीण क्षेत्रों में गरम कपड़े वितरित करते है। इसके अलावा सर्वमंगला मंदिर के निकट जाकर वृद्ध जनों को समान भी देते है।

## बेगिनडभार में हिंदू सम्मेलन के लिए जागरूकता रैली

**कोरबा।** जिले में आगामी दिनों में अलग-अलग स्थान पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने हैं। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। कोरबा के बेगिनडभार क्षेत्र में झांकी के माध्यम से वातावरण निर्माण किया गया। बच्चों की खास भागीदारी कार्यक्रम में रही।



यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य पुरी भुवनेश्वर और कोणार्क की यात्रा पर रवाना हुए। वे धर्म, आध्यात्म और पर्यावरणीय बिंदुओं पर जानकारी हासिल करने के साथ ईश्वरीय शक्ति को नमन करेंगे। आज सुबह 7.20 बजे संरक्षक संजीव कंसल सीई डीएसपीएम ने पूजा-पाठ के साथ उन्हें रवाना किया। चेयरमेन संदीप सेठ सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भूमिगत खदान से पेयजल लेने का रख सकते हैं प्रस्ताव

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में गर्मी का मौसम आते ही पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए अधिकारियों ने आज जेसीसी सदस्यों की बैठक बुलाई है, जिसमें श्रमिक संगठन प्रस्ताव रख सकते हैं कि सुराकछार, बांकीमोंगरा स्थित भूमिगत खदान से पानी लिया जाए। इन खदानों में काफी मात्रा में पानी पड़ा हुआ है। पाइप लाइन बिछाकर यहां से पानी लिया जा सकता है।

## स्टेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट में खेलेगी जिले की टीम



**कोरबा।** इस्पात नगरी भिलाई में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसमें भाग लेने के लिए कोरबा जिला वॉलीबॉल टीम बालक एवं बालिका आज सुबह भिलाई रवाना हुई। बालिका टीम में सुषमा राज ठाकुर, रश्मि सिंह राजपूत, प्राची गर्ग, समीक्षा दास, नित्या सिंह कंवर, निशी पटेल, नंदा कंवर, अनिती चौहान, बबली पटेल, साइमा शेख, सृष्टि सिंह ठाकुर एवं रितिका लहरे शामिल हैं। जबकि बालक टीम में सोहम, विनय, सत्या, आकर्ष, गौरव, विरेंद्र, इशिर, मपास, शंभू, आदित्य, अंकित व राहुल रवाना हुए हैं। बालिका टीम का कोच सुमित सिंह एवं बालक का कोच सुशील गर्ग हैं। जिनके मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों ने व्यापक तैयारी की है और भिलाई में अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को आतुर हैं।

# श्वास अटैक से बालिका को मिला छुटकारा

## आयुर्वेद की शक्ति के आगे परास्त होना पड़ा बीमारी को

**कोरबा।**आयुर्वेद की ताकत के आगे एक बालिका की बीमारी को परास्त होना ही पड़ा।। कोतमा निवासी 3 वर्षीय बच्ची आर्या सोनी लंबे समय से श्वास संबंधी गंभीर समस्या से जूझ रही थी, अब पूरी तरह स्वस्थ है। आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं नाड़ी वैद्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा दिए गए आयुर्वेदिक उपचार से यह सम्भव हुआ।



बालिजा की मां प्रियंका सोनी ने बताया कि आर्या बचपन से ही सांस की गंभीर परेशानी से पीड़ित थी। उसे सांस लेने में तकलीफ होती थी और बार-बार नेबुलाइजेशन कराना पड़ता था। एलोपैथिक इलाज से अस्थायी राहत तो मिलती थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा था। परिचितों की सलाह पर प्रियंका सोनी ने आयुर्वेद अपनाने का निर्णय लिया और मध्यप्रदेश के कोतमा से कोरबा आकर आयुर्वेदाचार्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा से संपर्क किया। यहां बच्ची का प्रकृति परीक्षण कर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से तैयार विशेष पुड़िया दी। एक माह तक नियमित सेवन के बाद बच्ची की स्थिति में आशातीत सुधार देखने को मिला। अब आर्या को श्वास संबंधी अटैक नहीं आते और वह सामान्य बच्चों की तरह स्वस्थ जीवन जी रही है। डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद शरीर की प्रकृति के अनुसार इलाज करता है। इस उपचार में फेफड़ों को मजबूत करने और श्वसन तंत्र को सुदृढ़ बनाने वाली जड़ी-बूटियों का उपयोग किया गया, जिससे ठोस परिणाम सामने आए।

उन्होंने कहा कि शाश्वत मान्यता है कि आयुर्वेद कई जटिल समस्याओं में राहत प्रदान कर सकता है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com